सोमवार

09 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




जातीय गणना के जरिए मुस्लिम व ईबीसी वोटरों को साधने की सीएम की कोशिश

2



## आस्था के साथ-साथ राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं हमारे तीर्थस्थलः योगी



**केटी न्यूज/रुद्रप्रयाग**

- बोले मुख्यमंत्री- नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहे हैं श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ धाम
- बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा केदारनाथ मंदिर का नव निर्माण

हमारे तीर्थस्थल आस्था के साथ साथ राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विरासत के प्रति सम्मान का भाव नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहा है। उक्त बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत कहीं। तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के अंतिम दिन श्री केदारनाथ मंदिर पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सन् 2013 में केदारपुरी एक आपदा की चपेट में चुकी थी, लेकिन स्थानीय लोगों के आत्मविश्वास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़संकल्प और उनकी प्रेरणा व मार्गदर्शन से आज के समय में उत्तराखंड के दोनों तीर्थ श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहे हैं। जो आने वाली पीढ़ियों को एक नया संदेश दे रही है।

उन्होंने कहा कि विरासत के प्रति सम्मान का भाव यही है। लाखों की संख्या में तीर्थयात्री यहां आ रह हैं, यह हमारे लिए एक नई प्रेरणा है। यह एक नये भविष्य की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करती है। समयबद्ध ढंग से मानक की गुणवत्ता को बनाये रखते हुए पूरी तत्परता के साथ यहां कार्य चल रहा है। ये श्रद्धा का उमड़ता हुआ जनसैलाब नये भारत की नई तस्वीर को प्रस्तुत करता है। इसमें दृष्टि और दूरदर्शिता है। इसमें पर्यटन भी है और श्रद्धालुजन की जनआस्था का सम्मान का भाव है। इन सबको समेटे हुए केदारनाथ का नव निर्माण बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा है।

## राजस्थान में केंद्रीय मंत्री और सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारेगी भाजपा

**एजेंसी/नई दिल्ली**



भाजपा कर्नाटक की तर्ज पर राजस्थान में भी परिवर्तन का मूड तो बना ही चुकी है लेकिन कर्नाटक के नतीजों से डरी हुई भाजपा राजस्थान में कोई रिस्क लेने को तैयार नहीं है। शायद यही वजह है कि पार्टी आलाकमान जब भी दिल्ली या राजस्थान में कोई बैठक करता है तो उसमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को पूरी तवज्जो दी जाती है। यहां तक कि पार्टी के आला नेता राज्य में जाकर कोई रैली, सभा या सार्वजनिक कार्यक्रम भी करते हैं तो मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री मौजूद रहती हैं, लेकिन विधानसभा चुनाव में अपनी भूमिका स्पष्ट नहीं होने से कथित तौर पर नाराज वसुंधरा राजे पार्टी के राज्य स्तरीय कार्यक्रमों और अभियानों से दूरी बनाती ही नजर आती हैं। इसलिए वसुंधरा के रुख को लेकर सशंकित पार्टी के आला नेता उन्हें लगातार मनाने का भी प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा मध्य प्रदेश की तर्ज पर राजस्थान में भी केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को विधायक का चुनाव लड़वाने जा रही है। बीजेपी के सूत्रों के मुताबिक पार्टी केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान लोक सभा सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दिया कुमारी और राज्य सभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा सहित लगभग आधे दर्जन सांसदों को उम्मीदवार बना कर राजस्थान विधान सभा चुनाव के मैदान में उतार सकती है। पार्टी राज्य में पीएम मोदी के चेहरे के साथ सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी इसलिए पार्टी ने मध्य प्रदेश की तर्ज पर अपने दिग्गज नेताओं को विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। यही वजह है कि विधानसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा होने से पहले ही पीएम मोदी लगातार राज्य का दौरा कर न केवल प्रदेश की जनता को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं।

### 91 वर्षगांठ पर वायुसेना को मिला नया फ्लैग



नई दिल्ली। वायुसेना का 91वां स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। इस मौके पर वायुसेना के नए ध्वज का भी अनावरण किया गया। भारतीय वायुसेना की 91वीं वर्षगांठ पहली बार संगम नगरी यानी प्रयागराज में मनाया गया, जिसको लेकर बमरौली में वायु योद्धाओं की परेड सुबह 7 बजकर 40 मिनट पर शुरू हुई। इस मौके पर वायुसेना के नए ध्वज का भी अनावरण किया गया है, जिसे काफी शानदार तरीके से प्रेजेंट किया गया। इस आयोजन में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के साथ वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने शिरकत की। प्रयागराज में इस आयोजन को लेकर काफी दिनों से तैयारी चल रही हैं और तमाम लड़ाकू विमान पिछले कई दिनों से इसको लेकर अभ्यास कर रहे हैं। वायुसेना के ध्वज का अनावरण चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की मौजूदगी में किया गया।

### 5 नवंबर को होंगे स्थानीय निकाय के उपचुनाव

जयपुर। राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले अभी एक बड़ा चुनाव 9 जिले में होने जा रहा है। जिसका परिणाम का असर विधानसभा के चुनाव पर भी पड़ सकता है। निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 9 जिलों के नगर निकायों में 5 नवंबर को चुनाव होगा की घोषणा की है। पांच नवबंर को अजमेर, बांसवाड़ा, बीकानेर, दौसा, धौलपुर, डीडवाना-कुचामन-नागौर, पाली, सवाई माधोपुर और श्रीगंगानगर जिले में नगर निकाय और ग्रामीण निकाय में उपचुनाव के लिए मतदान कराए जाएंगे। पंचायती राज संस्थाओं के प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, 21 सरपंच और 271 पंच के पदों पर उपचुनाव कराया जाएगा।

### इजरायल ने हमास के खिलाफ लॉन्च किया ऑपरेशन आयरन स्वाड्‌र्स

# हमास के 17 सैन्य ठिकानों पर इजरायल का हमला, 250 की मौत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

शनिवार की सुबह लगभग इजरायल पर फिलिस्तीन संगठन हमास ने महज 20 मिनट में 5 हजार रॉकेट दागे। ये रॉकेट रिहायशी इमारतों पर गिरे जिसने 300 से ज्यादा लोगों की जान ले ली है और तकरीबन 1000 लोग घायल हुए हैं। इसके बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा पट्टी में हमास के 17 सैन्य ठिकानों और 4 हेडक्वार्टर पर हवाई हमला किया जिसमें, 250 लोगों की मौत हो गई।

हमास ने इस हमले को ऑपरेशन 'अल-अक्सा फ्लड' का नाम दिया। इजरायल पर हुए हमले के तुरंत बाद ही इस देश ने 'युद्ध' की घोषणा कर दी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध की घोषणा करते हुए कहा कि इजरायल अपने दुश्मन से "अभूतपूर्व कीमत" वसूलेगा। इजरायल ने अपने दुश्मन के खिलाफ 'ऑपरेशन आयरन स्वाड्‌र्स' लॉन्च किया है।

**मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला :** हमास ने इजरायल पर हमले को ऑपरेशन 'अल-अक्सा फ्लड' बताया है जबकि इस हमले के जवाब में इजरायल ने भी 'ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड' छेड़ दिया है। हमास के सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ ने कहा- ये हमला येरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। सेना हमास के ठिकानों पर लगातार हमले कर रही है। वहीं इस हमले के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वीडियो संदेश जारी कर इसे युद्ध करार दिया है। उन्होंने कहा कि हम युद्ध में हैं और हम जीतेंगे। बताया जाता है कि इजरायली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंके थे। वहीं हमास के प्रवक्ता गाजी हामिद ने अलजजीरा से हुए बातचीत में कहा कि ये कार्रवाई उन अरब देशों को हमारा जवाब है, जो इजरायल के साथ करीबी बढ़ा रहे हैं। कुछ समय पहले ही के दिनों में मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि अमेरिका की पहल पर सऊदी अरब इजराइल को देश के तौर पर मान्यता दे सकता है।



### 1947 में संयुक्त राष्ट्र ने फिलिस्तीन को दो हिस्सों में बांटने का फैसला लिया

प्रथम विश्व युद्ध के बाद मध्य पूर्व में ऑटोमन साम्राज्य के खत्म होने के बाद इस इलाके पर ब्रितानियों ने कब्जा कर लिया था। जहां ज्यादातर यहूदी और अरब समुदाय के लोग निवास करते थे। दोनों में तनाव बढ़ने लगा। जिसके बाद ब्रितानी शासकों ने इस जगह यहूदियों के लिए फिलिस्तीन में 'अलग जमीन' बनाने की बात की। 1947 में संयुक्त राष्ट्र ने फिलिस्तीन को दो हिस्सों में बांटने का फैसला लिया। जिसमें एक हिस्सा यहूदियों के लिए और दूसरा हिस्सा अरब समुदायों के लिए रखने पर विचार किया गया। ऐसे में अरब के विरोध के बीच 14 मई 1948 को यहूदी नेताओं ने इजरायल राष्ट्र के गठन का ऐलान कर दिया और ब्रितानी यहां से चले गए। इसके तुरंत बाद पहला इजरायल और अरब युद्ध छिड़ा। जिस कारण यहां लगभग साढ़े सात लाख फिलिस्तीनी बेघर हो गए। इस युद्ध के बाद ये पूरा क्षेत्र तीन हिस्सों में बंट गया। पहला हिस्सा इजराइल, दूसरा वेस्ट बैंक और तीसरा गाजा पट्टी।

### हमास के साथ संघर्ष के बीच सेना के वॉर रूम में पहुंचे इजराइली पीएम

हमास के हमले के बाद इजराइल डिफेंस फोर्सेज लागातार अटैक कर रही हैं। दोनों पक्षों की ओर से सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इजराइली सेना के वॉर रूम में मौजूद रहे। चरमपंथी संगठन के साथ इजराइल की जंग के बीच इजराइली मीडिया ने दावा किया है कि हमास लड़ाकों के हमले में 600 से ज्यादा नागरिक जान गंवा चुके हैं और दो हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हमास ने कहा है कि वो बंदी बनाए गए इजराइलियों की संख्या प्रकाशित करेगा। हमास की सशस्त्र शाखा ने सुबह कहा था कि कुछ ही घंटों में पकड़े गए इजराइली सैनिकों और नागरिकों की संख्या बताई जाएगी। इजराइल के तटीय शहर अश्कलोन में इजराइली सैनिकों ने चरमपंथियों की ओर से बंधक बनाए गए लोगों से भरी एक कार को पकड़ा।

### एअर इंडिया की इजरायल की उड़ानें 14 अक्टूबर तक रद्द

ताजे संकट के मद्देजनर घरेलू विमानन कंपनी एअर इंडिया ने इजरायल की राजधानी तेल अवीव की अपनी उड़ानों को 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द कर दिया है। एअर इंडिया के एक प्रवक्ता ने रविवार दोपहर में बताया कि विमानन कंपनी ने तेल अवीव जाने वाली और तेल अवीव से आने वाली सभी उड़ानों को 14 अक्टूबर तक रद्द करने का फैसला किया है। प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी ने अपने चालक दल के सदस्यों और सभी यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया है। उसने कहा कि कंपनी वैसे सभी यात्रियों को हर संभव मदद मुहैया कराएगी, जिनके पास 14 अक्टूबर तक के लिए कोई कंफर्म टिकट है। टाटा समूह की विमानन कंपनी एअर इंडिया तेल अवीव और नई दिल्ली के बीच पांच साप्ताहिक उड़ानों का संचालन करती है।

### आदित्य एल1 सकुशल सूर्य की ओर बढ़ रहा है


**नई दिल्ली।** इसरो का चर्चित सूर्य मिशन 'आदित्य एल-1' लगातार सफलतापूर्वक अपनी यात्रा में आगे बढ़ रहा है। धरती और सूरज के बीच 15 लाख किमी की दूरी पर स्थित एल1 पॉइंट पर इसे पहुंचना है। इस बिच रविवार को इसरो ने एक बड़ा अपडेट दिया है। लगातार इसकी ट्राजेक्ट्री पर नजर रख रही वैज्ञानिकों की टीम ने इससे हासिल हुए डाटा का मूल्यांकन करने के बाद इसके रास्ते में हल्का बदलाव किया है ताकि सफलतापूर्वक यह अपने लक्ष्य तक पहुंच सके। इसरो ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर इस बारे में लिखा कि अंतरिक्ष यान आदित्य एल1 सकुशल है और सूर्य की ओर बढ़ रहा है। 6 अक्टूबर को 16 सेकंड के लिए इसमें एक सुधार किया गया। इसरो ने कहा है कि 19 सितंबर को किए गए ट्रांस लैग्रेंजियन प्वाइंट 1 इंसर्शन (टीएल1आई) को ट्रैक करने के बाद मूल्यांकन किए गए पथ को सटीक करने के लिए इसकी आवश्यकता थी।

## राहुल गांधी फेल हुए तो अब कर रहे जाति की बातः अनुराग ठाकुर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक बार फिर से इंडिया अलायंस पर निशाना साधा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि ओबीसी समुदाय के लिए जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल उन्होंने किया वो सब देश के सामने है। यूपीए सरकार के शासनकाल को भ्रष्टाचार का शासन करार देते हुए उन्होंने कहा कि उसका नाम बदलकर अब इंडी गठबंधन कर दिया गया है। एएनआई के मुताबि?क, अनुराग ठाकुर ने इंडी अलायंस पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष के पास अपना भ्रष्ट चेहरा छिपाने की कोई जगह नहीं है। इसलिए उन्होंने यूपीए का नाम बदलकर इंडी अलायंस कर दिया है।

उन्होंने इंडी अलायंस की सहयोगी पार्टी जेडीयू-आरजेडी की ओर से कराई गई जाति गणना पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए राहुल गांधी को लेकर कहा कि ओबीसी समुदाय के लिए ?जिस तरह के शब्दों का प्रयोग उनकी ओर से किया था, उसकी वजह से उनको अपनी लोकसभा सदस्यता भी गंवानी पड़ी थी। उनका अहंकार इतना है कि अभी तक उन्होंने इसके लिए माफी तक नहीं मांगी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह भी कहा कि राहुल गांधी जब सरकार और प्रशासन में विफल हो गए तो वो जाति के बारे में बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल और बिहार में भी सरकार और प्रशासन फेल हो गया है तो भी अब ये जाति का आधार ले रहे हैं। हमारा मानना है कि सबसे बड़ी जाति गरीब है।



### एयरपोर्ट निर्माण का 85 प्रतिशत से अधिक कार्य हुआ पूरा, रात्रि में भी होगी एयरक्राफ्ट की लैंडिंग

# अयोध्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिसंबर में प्रारंभ होगी हवाई यात्रा

**केटी न्यूज/अयोध्या**



भगवान श्रीराम की नगरी मोदी-योगी सरकार की प्राथमिकताओं के केंद्र में है। भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ-साथ अयोध्या में तमाम विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसे ध्यान में रखते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य भी तेज गति से पूरा किया जा रहा है।

जनवरी माह में भव्य श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले दिसंबर माह तक अयोध्या में हवाई यातायात सेवाएं प्रारंभ हो जाएंगी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या के विभिन्न कार्यों के प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है। फेज वन के सभी कार्यों को दिसंबर 2023 तक पूर्ण कर इसी कैलेंडर ईयर में एयरपोर्ट पर एयरक्राफ्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के समस्त कार्यों को तीन फेजों में किया जाना है। इसके लिए परियोजना में सम्मिलित कुल 821 एकड़ भूमि अर्जन का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंप दिया गया है। एयरपोर्ट के फेजझ्वन के 2200 मीटर लंबे व 45 मीटर चौड़े रनवे का कार्य शतझ्प्रतिशत पूर्ण है। भविष्य में रनवे को 3750 मी तक बढ़ाए जाने की योजना है। इसके लिए भी भूमि अर्जन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।

**चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधा भी हो चुका है पूरा :** उन्होंने निमार्णाधीन टर्मिनल बिल्डिंग एवं एप्रन आदि की प्रगति के संबंध में बताया कि एक एप्रेन (चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधा) का कार्य पूर्ण है तथा दूसरे एप्रेन (चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधा) के कार्य को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है जिसे इसी माह पूर्ण कर लिया जाएगा। डीएम के अनुसार एयरपोर्ट के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी आ गई हैं। एयरपोर्ट के संचालन के लिए लाइसेंसिंग की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसके पूर्ण होते ही इसी कैलेंडर ईयर में एयरपोर्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके साथ ही अयोध्या धाम तक आने जाने के लिए श्रद्धालुओं के आवागमन की उच्च स्तर की सुविधा उपलब्ध होगी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर संचालन प्रारंभ होने से एयरबस ए320 जैसे एयरक्राफ्ट के लैंडिंग की सुविधा अयोध्या धाम के एयरपोर्ट पर उपलब्ध हो जाएंगी।

### कैट-वन एवं रेसा सुविधाओं का कार्य भी शत-प्रतिशत पूर्ण

जिलाधिकारी ने बताया कि नाइट लैंडिंग तथा कोहरे एवं धुंध में लैंडिंग के लिए कैट-वन एवं रेसा सुविधाओं का कार्य भी शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है। एयरक्राफ्टों के लैंडिंग के लिए लगाई गई लाइटिंग का कार्य पूर्ण है। एटीसी टॉवर का भी शतझ्प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी के अनुसार एयरपोर्ट के संचालन के लिए आने वाली रुकावटों को दूर कर दिया गया है। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के एयरक्राफ्ट के परिचालन से पूर्व एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) में शामिल विभिन्न घटकों यथा लोकलाइजर, ग्लाइड पथ, मार्कर, डीएमई आदि के समस्त चरणों का कैलिब्रेशन भी किया जा चुका है।

## तैयारी: आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर नीतीश कुमार ने खींची नई लकीर

# जातीय गणना के जरिए मुस्लिम व ईबीसी वोटरों को साधने की मुख्यमंत्री की कोशिश

- पहले भाजपा के विरोधी दलों को किया एकजुट, फिर जारी किया जातीय जनगणना की रिपोर्ट



**केटी न्यूज/पटना**

अगले साल संभावित लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए और 'इंडिया' दोनों गठबंधन अपनी रणनीति के मुताबिक योजना बनाकर मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश में जुट गए हैं। भाजपा ने जहां संसद का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण विधेयक पास करवाने की चाल चली, वहीं बिहार में जातीय गणना कराकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश की सियासत में नई लकीर खींच दी है। इसमें कोई शक नहीं कि नीतीश सामाजिक समीकरण के माहिर खिलाड़ी माने जाते हैं। जोड़-तोड़ और समीकरण को साधते हुए नीतीश कम सीट होने के बावजूद भी बिहार में बतौर मुख्यमंत्री 18 साल से काबिज हैं। जातीय जनगणना को भी इसी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

**जातीय सर्वे सीएम का मास्टर स्ट्रोक :** बताया जा रहा है कि नीतीश ने अगले लोकसभा और 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने तरकश से अंतिम तीर चला दी है। नीतीश ने पहले बीजेपी के विरोधी दलों को एकजुट किया और फिर जातीय जनगणना की रिपोर्ट जारी कर दी। इसमें कोई दो मत नहीं कि बिहार में होने वाले चुनाव में जाति बहुत बड़ा रोल प्ले करता है। भाजपा महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे और धर्म के मुद्दे को लेकर अपनी रणनीति साफ कर चुकी है। माना जा रहा है कि नीतीश ने चुनावी जनगणना के मास्टर स्ट्रोक से न केवल बीजेपी को बल्कि अपने सहयोगी दलों को भी एक सीमा में बांध कर रखने की कोशिश की है। माना जाता है कि आरजेडी का वोट बैंक यादव-मुस्लिम समीकरण है ऐसे में नीतीश ने इस गणना के जरिए मुस्लिम मतदाताओं और अत्यंत पिछड़े वर्ग (ईबीसी) को भी साधने की कोशिश की है।

**बिहार की आबादी में ईबीसी का प्रतिशत 36 :** जाति सर्वेक्षण के अनुसार, बिहार की आबादी में ईबीसी का प्रतिशत 36 है। वहीं, यादवों की आबादी 14 प्रतिशत हैं। बिहार की राजनीति के जानकार मणिकांत ठाकुर कहते हैं कि जातीय गणना विशुद्ध सियासी चाल है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि नीतीश कुमार इसके जरिए राजनीति में अपनी कमजोर पड़ रही आभा को फिर से राष्ट्रीय स्तर पर चमकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश की यह चाल बीजेपी के हिंदू ध्रुवीकरण को रोकना है। उन्होंने कहा कि नीतीश सियासी लाभ के लिए पहले भी जातियों को बांटते रहे हैं, एक बार फिर उन्होंने जातियों को वर्गों में बांटकर सियासी लाभ लेने की कोशिश की है।

**जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी :** ठाकुर हालांकि यह भी कहते हैं कि इस गणना की रिपोर्ट पर न केवल सवाल उठाए जा रहे हैं बल्कि इसके बाद जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी को लेकर भी आवाज बुलंद हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में अगर हिस्सेदारी की आवाज और तीव्र हुई तो बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन को मुश्किल भी आ सकती है। आगे उन्होंने कहा कि मानते हैं कि बीजेपी सबका साथ और सबका विकास तथा राष्ट्रवाद के मुद्दे को हवा देकर भी इस जातीय समीकरण की काट खोज सकती है। बहरहाल, नीतीश कुमार ने बिहार में जातीय जनगणना की रिपोर्ट जारीकर लोकसभा चुनाव के पहले एक बड़ी चाल चल दी है, जिसका कितना फायदा होता है इसके लिए तो अभी इंतजार करना पड़ेगा।

## हमारी जाति को किसी और में जोड़ दिया गया: सांसद



जातीय सर्वे की रिपोर्ट को लेकर विपक्षी पार्टियां लगातार नीतीश सरकार को लेकर घेर रही हैं। इसके साथ ही अब सत्तारूढ़ दल के नेता भी सवाल उठा रहे हैं। इस रिपोर्ट को लेकर लेकर जेडीयू सांसद सुनील कुमार पिंटू पहले ही विरोध जता चुके हैं। वहीं, इस मुद्दे पर उन्होंने आज तेली साहू समाज की पटना में बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जातीय सर्वे की रिपोर्ट में त्रुटि को लेकर लगातार तेली साहू समाज के द्वारा कई शिकायतें आ रही ही हैं। उनका कहना है कि उनकी गिनती नहीं हुई है। इस संबंध में बैठक में निर्णय लिया गया है कि एक कमेटी मुख्यमंत्री से मिले। मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी दे। सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि तेली साहू समाज की बैठक में निर्णय लिया गया है कि दशहरा तक हम सभी अपने-अपने ब्लॉक में अपनी जाति की एक टेंटेटिव गिनती कराकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जानकारी देंगे। हमारी संख्या 2.81 प्रतिशत नहीं है। 1931 की गणना में 2.8 थे। इतने साल बाद हम सिर्फ 0.01 प्रतिशत बढ़े हैं। ये तो सरासर गलत हैं। गणना में कहीं न कहीं त्रुटि है। एंट्री में त्रुटि है, हमारी जाति को किसी और में जोड़ दिया गया है। हमें इसको स्पष्ट करें। मुख्यमंत्री से यही निवेदन है कि हमारे में समाज फैल रहे भ्रम को दूर करें। जेडीयू सांसद ने संजय झा लेकर कहा कि अभी पार्टी की कोई बात नहीं सुन रहा हूं। पार्टी में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री ने कॉल कर बुलाया था। मुख्यमंत्री का एहसानमंद हूं। उन्होंने टिकट देकर सांसद बनाया। मुख्यमंत्री को अगर कुछ लगेगा तो वो खुद बुलाकर कहेंगे। इसका मुझे पूर्ण विश्वास है। जब तक सीएम नीतीश कुमार कुछ नहीं कह रहे हैं तब तक दूसरी की कही हुई बातों पर मेरा ध्यान नहीं है। बता दें कि सुनील कुमार पिंटू को लेकर मंत्री संजय झा ने कहा कि लगता है वो जहां से आए हैं वही चले जाएंगे।

## हर जाति अपने विकास के आंकड़े देखना चाहती है



जाति आधारित गणना को लेकर पूरे देश में जमकर बयानबाजी हो रही है। वहीं, इस मुद्दे पर रविवार को आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि जाति आधारित गणना की लहर है क्योंकि हर जाति अपने विकास के आंकड़े देखना चाहती है। इससे इन्कार करने वाले लोग बेनकाब हो रहे हैं। भाजपा अगर जातीय गणना को लेकर गुमनाम वोटिंग करती है। इसमें बीजेपी के सांसद वोट करेंगे तो परिणाम देख पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह चौंक जाएंगे। उनकी पार्टी के लोग जो उनके समुदाय से आते हैं, वे इस गणना को चाहते हैं। मनोज झा ने कहा कि अनुप्रिया पटेल तो जातीय गणना के मुद्दे पर खुलकर बोल चुकी हैं। कई दिनों से कह रहा हूं कि पीएम को बिहार के आंकड़ों को स्वीकार करना चाहिए। वहीं, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने मंच से बिहार में जातीय गणना सर्वे को लेकर स्वागत किया है। बता दें कि बिहार में हुई जाति आधारित गणना की रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई है। दो अक्टूबर को रिपोर्ट सामने आने के बाद बयानबाजी भी हो रही है। इसके साथ ही देश के कई राज्य में जातीय सर्वे कराने की मांग उठने लगी है। यूपी, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में मांग की जा रही है। वहीं, बिहार में जारी किए गए जातीय सर्वे के आंकड़ों के अनुसार राज्य में पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत, अति पिछड़ा वर्ग 36.12 प्रतिशत, मुसलमान 17.52 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति 1.68 प्रतिशत हैं।

# तेजस्वी यादव को बनाएं सीएम: संतोष

**केटी न्यूज/गया**



बिहार के पूर्व मंत्री और 'हम' के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने गया में रविवार को कई मुद्दों को लेकर सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला। जाति आधारित गणना को लेकर उन्होंने कहा कि त्रुटि तो है। 60झ70% प्रतिशत के पास गणक नहीं पहुंचे हैं। कुछ तो ऐसी बातें हुई हैं जिससे किसी जाति विशेष को आगे बढ़ाया गया है अगर डोर टू डोर सर्वे होता तो आंकड़ा सही आता। एक जगह पर बैठकर सर्वे को कर दिया गया है। जाति आधारित गणना लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में अगर किया गया है तो निश्चित है जिसकी ज्यादा संख्या होगी उसकी उतनी हिस्सेदारी। उसी के अनुसार हिस्सेदारी देने की कोशिश कीजिए। यह हर जगह लागू होना चाहिए। आंकड़ा के अनुसार तेजश्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाइए। तभी हम मानेंगे कि इसके पीछे उनकी अच्छी मंशा है।

यह तो राजनीति है किसी को गणना में आगे बढ़ा दीजिए। नीतीश कुमार तो सोशल इंजीनियरिंग में बहुत माहिर हैं। किसी को एससी, एसटी बना देते हैं और फिर वोट लेने के बाद छोड़ देते हैं। यह शुरू से कर रहे हैं। दलित को महादलित बनाए हैं। यह सब एक्सपेरिमेंट करते रहते हैं. जनता सब जानती है अब बिहार में इनकी चलने वाली नहीं है। ओवैसी को लेकर सीएम नीतीश के बयान पर संतोष कुमार सुमन ने कहा कि कहा कि बीजेपी का बी टीम है या सी टीम है यह बाद की बात है, लेकिन किसी समुदाय में यह कहकर किसी को चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते हैं। एआईएमआईएम की विचारधारा से हम भी सहमत नहीं हैं, लेकिन किसी को यह कहकर चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते हैं और नीतीश कुमार ने जब अल्पसंख्यक मुसलमानों के लिए काम किया है तो उनको किसी से डरना नहीं चाहिए। जनता अगर आपको चाहती है तो आपकी जीत होगी।

## हादसे में शख्स की मौत के बाद पुलिस ने शव को पुल से फेंका

**मुजफ्फरपुर।** जिले के फकूली ओपी थाना क्षेत्र के ढोढ़ी नहर पुल के समीप रविवार को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर फकूली ओपी थाना की पुलिस पहुंची। पुलिस ने सड़क से डेड बॉडी को उठाकर नहर में उठाकर फेंक दिया, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। विवाद बढ़ा तो शव के कुछ टुकड़े निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद कहा कि शव के कुछ हिस्से सड़क से चिपक गए थे इसलिए उसे खींचकर फेंका गया। पुलिस की हरकत पर अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जिले के फकुली ओपी क्षेत्र के हाईवे पर एक तेज वाहन की चपेट में आने के कारण शख्स की मौके पर ही मौत हो गई। उसका शव क्षत-विक्षत हालत में हाईवे पर पड़ा हुआ था। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। आनन-फानन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पुल के ऊपर से नहर में फेंक दिया।

# समस्तीपुर में कपड़ा व्यवसायी की गोली मारकर हत्या, दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**



समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के अकलू चौक के पास एक कपड़ा व्यवासायी को शनिवार की रात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाशों ने युवक को दो गोली मारी है। एक गोली कनपटी के नीचे गर्दन पर और एक गोली पेट में लगी है। मृतक की पहचान हलई ओपी थाना क्षेत्र के दस कौवा चौक निवासी राजेश कुमार महतो के 28 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। कहा जा रहा है कि जुआ खेलने के दौरान विवाद हुआ था। इसी के बाद गोली मारी गई है। घटना के संबंध में मृतक दीपक के पिता राजेश महतो ने बताया कि उनका बेटा ताजपुर में दुकान की जगह तलाश करने की बात कहकर शनिवार की सुबह घर से निकला था। देर शाम तक वह घर नहीं लौटा। इसी बीच शनिवार की देर रात उन्हें घटना की सूचना मिली कि दीपक को किसी ने गोली मार दी है। इसके बाद परिवार वाले घटनास्थल पर पहुंचे।

परिजनों ने बताया कि घटनास्थल पर जब वे लोग पहुंचे तो जानकारी मिली कि दीपक कुछ लोगों के साथ ताश के पत्ते खेल रहा था। इसी दौरान विवाद हो गया था जिसके बाद हॉकी स्टिक एवं डंडे से दीपक की पिटाई कर दी गई। बाद में उसे गोली मार दी गई जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना का सही कारण क्या है, वह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।



# जगी आस: रंग लाई किसानों की मेहनत, खेतों में लहलहा रही है धान की फसल

**केटी न्यूज/नावानगर/केसठ**



इस बार मॉनसून काफी कम बरसा है। खासकर खरीफ खेती व बारिश के लिए सबसे महत्वपूर्ण सावन, अधिमास तथा भादों में भी न के बराबर बारिश हुई। जिससे धान की खेती करने वाले किसानों की मुश्किलें बढ़ गई थी। बारिश के अभाव में किसानों के लिए अपनी फसल को बचाना मुश्किल हो रहा था। लेकिन किसानों ने उम्मीद का दामन नहीं छोड़ा था। हथिया नक्षत्र में अच्छी बारिश के बाद किसानों की मेहनत रंग लाने लगी है। खेतों में लगी धान की फसल अब लहलहा उठी है। पौधों में बालियां भी निकलने लगी है। कम बारिश के बावजूद किसानों की मेहनत से इस बार भी धान के कटोरा में बंपर पैदावार की उम्मीदें बन गई है। हालांकि इस बार धान की बुआई लक्ष्य से कुछ पीछे रह गई है। लेकिन हथिया नक्षत्र के शुरूआत में अच्छी बारिश तथा धान की फसल में निकल रही बालियां किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हुई है। जिससे किसानों का उत्साह दुगना हो गया है। किसानों का कहना है कि अंत में ही सही मॉनसून के साथ देने से धान की पैदावार अच्छी होगी। बारिश के बाद किसानों को फसल पर कीटों के प्रकोप से भी राहत मिल गई है। वहीं अभी भी बारिश की उम्मीद बनी हुई है। जिससे धान के कटोरा के पूरा भरने की बात किसान बता रहें है। नावानगर के मनोज यादव, सोनवर्षा के सुरेन्द्र सिंह, कतिकनार के मुन्ना सिंह, आथर के सरोज सिंह आदि किसानों का कहना है कि शुरू में तो मौसम काफी तल्ख हो रहा था तथ बारिश भ नहीं हो रही थी। जिस कारण धान की फसल के सूखने का खतरा बना हुआ था। किसानों का इस बात का डर भी सता रहा था कि बारिश नहीं होने तथा मौसम गर्म रहने से फसल बचने के बाद भी उसमें बालियां नहीं निकलेगी। लेकिन किसानों की मेहनत के बाद हथिया की बारिश ने उनकी आशंकाओं को दूर कर दिया है। अब फसल में बालियां देख किसान काफी खुश नजर आ रहे है। किसानों का कहना है कि इस बार धान की फसल को बचाना उनके लिए बड़ी चुनौती साबित हुई थी।

### धान का कटोरा कहा जाता है अनुमंडल का दक्षिणी इलाका

बता दें कि डुमरांव अनुमंडल का दक्षिणी इलाका धान का कटोरा कहा जाता है। नावानगर, केसठ, चौगाईं तथा डुमरांव प्रखंड के दक्षिणी हिस्सें में खरीफ मौसम में बड़े पैमाने पर धान की खेती की जाती है। यहां की मिट्टी व जलवायु भी धान के फसल की मुफीद होती है। जिस कारण यहां उत्पादित धान गुणवत्ता की कसौटी पर भी खरा उतरता है।

"मॉनसून सत्र के अंत में बारिश होने तथा मौसम नर्म होने से धान की फसल को फायदा होगा। उत्पादन दर बढ़ेगा तथा कीटों का प्रकोप भी कम होगा। *– प्रकाश कुमार, कृषि वैज्ञानिक, वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज डुमरांव*

## खबरें फटाफट

### बिहार की शान सलभ को रांची हाईकोर्ट के जज ने किया सम्मानित



**ब्रह्मपुर।** एक अक्टूबर को राजधानी पटना में आयोजित मिस्टर बिहार प्रतियोगिता में टॉप मॉडल, मिस्टर इंटेलिजेंट, साइनिंग स्टार और आई ग्लैम डाबर गुलावरी का ब्रांड एम्बेसडर बनाए गए निमेज गांव निवासी सलभ पाराशर को रांची उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. एसएन पाठक ने अपने आवास पर अंगवस्त्र से सम्मानित किया। सलभ के पिता पत्रकार और माता कन्या मध्य विद्यालय निमेज में प्रधानाध्यापक है। सलभ की पढ़ाई गांव पर ही हुई है। अपनी बड़ी सोच और कुछ बड़ा और अलग करने की ख्वाइस से सलभ ने मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। न्यायाधीश ने कहा कि एक ग्रामीण क्षेत्र का नौजवान शहरी क्षेत्र के इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा दिया ये बड़ी बात है। उन्होंने सलभ को मिस्टर इंडिया की प्रतियोगित में भाग लेकर अपने जिले और राज्य का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया। वही सलभ ने कहा कि न्यायाधीश के हाथों सम्मान मिलने से उनका उत्साह बढ़ गया है।

### जज व डीएम ने मंदिर में किया श्रमदान

**ब्रह्मपुर।** रविवार को रांची हाई कोर्ट के न्यायाधीश डा एसएन पाठक व डीएम अंशुल अग्रवाल, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव कुमार पंकज एवं स्वच्छता ग्रही के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर परिसर एवं तालाब का साफ सफाई हेतु श्रमदान कार्यक्रम में भाग लिया गया। न्यायाधीश व डीएम ने ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में हो रहे जीणोद्धार एवं सौदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। आम जनों से अपील किया जाता है कि मंदिर परिसर अंतर्गत एवं उसके आस पास स्वच्छता बनाए रखने हेतु अपना सहयोग दें।

### किसान महासभा का नौवां जिला सम्मेलन

**डुमरांव।** अखिल भारतीय किसान महासभा का नौवां जिला सम्मेलन रविवार को शहीद का. राजेश सिंह सभागार, नगर भवन डुमरांव में सम्पन्न हुआ । जिसका उद्घाटन भाकपा (माले) के राज्य कमिटी सदस्य व अभाकिस के राज्य सचिव उमेश सिंह ने किया। सम्मेलन में डुमराँव विधायक कॉ० अजीत कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जिला सम्मेलन के उद्घाटनकर्ता उमेश सिंह ने कहा कि मोदी सरकार में किसानों पर चौतरफा हमलें बढ़े हैं। कृषि को कॉर्पोरेट लुटेरे पूंजीपतियों एवं विश्व व्यापार संगठन के हवाले कर उनको लूटने की छूट देकर तथा कृषि संकट पैदा कर किसानों को कर्ज में डूबा दिया गया है। जिससे किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। डुमरांव विधायक ने कहा कि कॉरपोरेट पूंजीपतियों को किसानों को लूटने का छूट देने के लिए ही मोदी सरकार अभी तक न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून नहीं बनाई है।

## स्टेशन रोड में खादिम्स शो रूम के पास गड्ढें की वजह से आए दिन हो रही है परेशानी

# सूरत-ए-हाल : बीच सड़क पर टूटा ट्रैक्टर ट्राली का गुल्ला, तीन घंटे लगा रहा जाम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के स्टेशन रोड में रविवार की शाम सड़क पर बने गड्ढें में बालू लदी एक ट्रैक्टर ट्राली का गुल्ला टूट गया। गुल्ला टूटने से ट्रैक्टर बीच सड़क पर खड़ी हो गई। जिस कारण करीब तीन घंटे तक महाजाम लगा रहा। ट्रैक्टर का गुल्ला टूटने से लोग जाम से परेशान हो गए थे। इस कारण रविवार की छुट्टी का मजा भी किरकिरा हो गया।

जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड में खादिम्स शो रूम के पास सड़क पर एक बड़ा गड्ढा बन गया है। शाम करीब चार बजे के बाद इसी गड्ढे में बालू लदी एक ट्रैक्टर का पिछला चक्का पड़ गया। जिससे उसका गुल्ला टूट गया। गुल्ला टूटने से ट्रैक्टर बीच सड़क पर ही खड़ी हो गई। इस कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों का लंबा जाम लग गया। यह स्थिति शाम सात बजे तक बनी रही। जिससे वाहन चालकों तथा आम लोगों को परेशान होना पड़ा। हालांकि डुमरांव में यह एक दिन की समस्या नहीं है, बल्कि हर दिन स्टेशन रोड में घंटों जाम लगता है। सुबह से लेकर देर रात हर थोड़ी थोड़ी देर पर जाम लगा रहता है।

### अतिक्रमण व बाइपास के अभाव में लगता है जाम

बता दें कि डुमरांव के मुख्य सड़क पर अतिक्रमण की समस्या काफी गंभीर हो चुकी है। वहीं पिछले कुछ दशकों में इस पथ पर वाहनों की संख्या में बेतहासा वृद्धि हुई है। लेकिन प्रशासन द्वारा बाइपास सड़क का निर्माण नहीं कराया जा सका है। जिस कारण जाम की समस्या नासूर बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन रोड के दोनों किनारों पर स्थायी तथा अस्थायी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। कई जगहों पर तो चाट का अस्तित्व भी समाप्त हो गया है। इस मामले में नगर परिषद प्रशासन की भूमिका भी संदिग्ध है। कर्मियों की मिलीभगत व मैनेज के खेल में एक तरफ जहां अतिक्रमणकारी मस्त है तो दूसरी तरफ वाहन चालक व पैदल यात्री पस्त नजर आते है। स्टेशन रोड में नया थाना से लंगटू महादेव मंदिर तक जाम की समस्या सबसे गंभीर है।

### जाम से मुक्ति दिलाने की लोगों ने लगाई गुहार

जाम से लोगों में व्यवस्था के प्रति गहरी नाराजगी है। रविवार को जाम लगने के बाद केशव टाइम्स की टीम ने लोगों से इस पर प्रतिक्रियाएं ली है। लोगों ने कहा कि जाम लगने से ट्रैफिक व्यवस्था व व्यवसाय दोनों प्रभावित हो रहा है।



"डुमरांव में जाम के चलते अब पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। हर दिन जाम लगने से स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा हो रहा है। नगर परिषद व अनुमंडल प्रशासन को इसका स्थायी समाधान निकालना चाहिए। *– जैनुल होदा*



"जाम के कारण घर से निकलना मुश्किल रहता है। सुबह से देर रात तक कई बार जाम का दंश झेलना पड़ता है। नप प्रशासन सिर्फ जाम से मुक्ति दिलवाने का आश्वासन देता है, लेकिन वर्षों से स्थिति जस की तस बनी हुई है। *– चंदन कुमार*



"शहर में अतिक्रमण की समस्या काफी गंभीर है। यही कारण है कि हर दिन जाम लगता है। नप प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए तथा जाम से स्थायी मुक्ति दिलाने के लिए बाइपास सड़क का निर्माण शीघ्र होना चाहिए। *– अंशु राज*



"दिन में यात्री वाहनों व रात में ट्रकों के कारण जाम लगा रहता है। जिससे दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। शहरवासी जाम के चलते स्टेशन रोड में निकलने से कतरा रहे है। जिसका बुरा असर व्यवसाय पर पड़ रहा है। *– बनारसी कुमार*



"स्टेशन रोड में हर दिन लगने वाले जाम से जल्दी ही शहवासियों को मुक्ति मिलेगी। स्टेशन रोड में अतिक्रमण के खिलाफ फिर अभियान चलाया जाएगा। बाइपास सड़क निर्माण भी प्रक्रियाधीन है। जल्दी ही लोगों को बाइपास का सौगात मिलेगा। *– अनिरूद्ध प्रसाद, ईओ, नगर परिषद, डुमरांव*

## ममता शर्मसार, झाड़ियों में फेंकी मिली नवजात

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव में रविवार को मां की ममता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई हैं। अहले सुबह गांव से पूरब बधार स्थित झाड़ियों में एक बच्चें के रोने की आवाज सुन सुबह में शौच के लिए जब लोग निकले लोग जब वहां पहुंचे तो झाड़ी में कीचड़ के बीच कपड़े में लिपटाकर एक नवाजात बच्ची फेंकी मिली। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस व चाइल्डलाईन की टीम को दिया।

सूचना मिलने पर पहुंची चाइल्ड लाइन की टीम ने उक्त मासूम को रेस्क्यू कर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। चाइल्ड लाइन के चंदन कुमार ने बताया कि इलाज के बाद नवजात स्वस्थ्य है। फिलहाल उसे सदर अस्पताल में ही डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है। वहीं इस घटना की चर्चा नेनुआ सहित आस पास के गांवों में पूरे दिन होते रही। लोग नवजात को जन्म देने के बाद फेंकने वाली मां को कोस रहे थे।

## कृष्णालीला में कान्हा के जन्म से श्रद्धालु भाव विभोर

**केटी न्यूज/बक्सर**



श्री रामलीला समिति बक्सर के तत्वावधान में नगर के रामलीला मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव 2023 के दूसरे दिन रविवार को वृंदावन श्रीधाम की मंडली श्री नंद नंदन रासलीला एवं रामलीला संस्थान के स्वामी श्री करतार व्रजवासी के निर्देशन में देर रात्रि मंचित रामलीला प्रसंग के दौरान नारद मोह लीला का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि देवर्षि नारद हिमालय में जाकर समाधिरत रहते हैं। यह देखकर देवराज इंद्र काफी चिंतित होते है।

देवर्षि की तपस्या से उनका सिंहासन हिल उठता है। वह नारद जी के ध्यान को भंग करने के लिए कामदेव को उनके समक्ष भेजते हैं। कामदेव समस्त कलाओं का प्रयोग करने के पश्चात भी नारद जी का ध्यान भंग नहीं कर पाते हैं। अंत में उनके चरणों में शरणागत होकर याचना करने लगते हैं। नारद जी उन्हें क्षमा कर देते हैं। परंतु कामदेव को पराजित करने का उनको अभिमान हो जाता है। काम और क्रोध दोनों को जीत लेने के अभिमान से वशीभूत हो जाने पर वह भगवान शंकर जी से यह बात बताते हैं, भोलेनाथ उनसे इस बात को गुप्त रखने का परामर्श देते हैं परन्तु नारद जी अपने पिता ब्रह्मा जी को बताते हुए भगवान विष्णु जी के पास भी पहुंचकर काम और क्रोध को जीतने की बात बताते हैं। इनके अभिमान को देखकर विष्णु भगवान एक माया रूपी नगर की रचना करते हैं। उस माया रूपी नगरी में विश्व मोहिनी नामक सुंदर बाला को देखकर नारद जी मोहित हो जाते हैं...और उससे विवाह करने के लिए भगवान विष्णु के पास जाकर अपना सुंदर रूप मांगते हैं। इधर नारायण उनके अभिमान को खत्म करने के लिए सारा शरीर सुंदर लेकिन उनका चेहरा बंदर का प्रदान करते हैं। यह देख सभी लोग नारद जी का उपहास करते है। जब नारद जी अपने चेहरे को देखते हैं तो क्रोध में आकर नारायण को पृथ्वी पर अवतरित होने का श्राप देते हैं। उक्त लीला का दर्शन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो जाते है। दूसरी तरफ दिन में कृष्ण लीला के दौरान रविवार को श्री कृष्ण जन्म लीला प्रसंग का मंचन किया गया।

## बक्सर के वामन सप्ताहिक कार्यक्रम के तहत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए आईपीएस

# जेल की परिधि से बाहर निकले भगवान वामन का मंदिर: आनंद

**केटी न्यूज/बक्सर**



भगवान वामन विष्णु के अवतार है तथा दशावतारों में उनका विशिष्ट स्थान है। यह बक्सर के लिए गर्व की बात है कि उनका अवतार यही पर हुआ था। लेकिन दुर्भाग्य की उनका मंदिर सेंट्रल जेल की सीमा में है। उनके मंदिर को जेल की परिधि से शीघ्र बाहर निकालना चाहिए। उक्त बातें रविवार को लखीमपुर खीरी के एसपी व भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के पड़सौरा गांव निवासी आईपीएस आनंद मिश्र ने कही। वे भगवान वामन जन्मभूमि मुक्ति अभियान समिति के साप्ताहिक कार्यक्रम 'बक्सर के वामन' के अंतर्गत इस रविवार के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे।

बताया जाता है कि बक्सर के वामन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भगवान वामन जिनका प्राकट्य स्थली वामनाश्रम बक्सर है वो स्थान सेंट्रल जेल के अधीन है, जिसके चलते इसका विकास, विस्तार बाकी धार्मिक स्थलों के अपेक्षा पिछड़ा है। इसलिए इस कार्यक्रम के अंतर्गत इस क्षेत्र के विभिन्न विशिष्ट अतिथियों को वामन भगवान के यहां आमंत्रित करके मंदिर की स्थिति से समिति के द्वारा अवगत कराया जाता है। ताकि उन अतिथियों के माध्यम से भगवान वामन मंदिर को मुक्त करने तथा मंदिर के विकास को गति मिल सकें। आईपीएस मिश्र ने कहा कि वामन भगवान सारे सनातनियों के लिए पूजनीय हैं तथा उनके जन्मस्थली के कारण ही बक्सर सनातनियों के आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि उनके मंदिर को जेल से मुक्त होना ही चाहिए ताकि भगवान वामन के भक्तगण सरलता से अपने ईश्वर की पूजा पाठ कर सकें। समिति के पदाधिकारी तथा सदस्यों ने आईपीएस श्री मिश्र को अंगवस्त्र से सम्मानित किया और उनसे इस अभियान में शामिल होने की अपील भी की। इस कार्यक्रम में समिति के संरक्षक सुनील पाण्डेय उर्फ मनमन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष सनातनीय सौरव चौबे, सचिव सह अधिवक्ता राघव कुमार पाण्डेय, मीडिया प्रभारी पंकज उपाध्याय, निक्कू ओझा, भाजपा नेता विनय कुमार उपाध्याय, मनोरंजन उपाध्याय, अजय कुमार पाण्डेय, भाजपा नेता पुनीत सिंह, प्रकाश पाण्डेय, अजय पाण्डेय, आशुतोष कुमार, भलु राय, गलु यादव आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### पर्यावरण योद्धा सम्मान से सम्मानित हुए चार लोग




**डुमरांव।** पर्यावरण संरक्षण के लिए जिलेभर में घुम घुमकर नीम, पीपल व तुलसी का पौधा लगाने का अभियान छेड़ने वाले जिले के चार युवाओं को पटना में सम्मानि किया गया है। उन्हें पटना के यूथ हॉस्टल में एकदिवसीय सेमिनार सह विचार मंथन शिविर में नेपाल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, के पर्यावरण प्रेमियों के साथ पर्यावरण योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी जी अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज, गोवर्धन पीठ, एवं डॉ धर्मेंद्र कुमार ने अपने हाथों जिले के वीरीय शिक्षिका सह पर्यावरण मित्र उषा मिश्रा, राजपुर प्रखंड के जितेंद्र मिश्र, डुमराव प्रखंड से इंटर कॉलेज डुमरांव के भूगोल विषय के व्याख्याता डा संजय कुमार सिंह तथा उमेश कुमार गुप्ता को पर्यावरण योद्धा सम्मान के तहत अंग वस्त्र, मोमेंटो एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिले के चार पर्यावरण मित्रों को पटना में सम्मान मिलने के बाद जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। सम्मान पाते हुए उषा मिश्रा ने कहा कि यह सम्मान सभी का सहयोग का प्रतिफल है, वही डॉ सिंह ने कहा कि यह सम्मान पाकर हमें बहुत खुशी महसूस हुआ और आगे और भी नीम, तुलसी और पीपल पौधा लगाने का कार्य करेंगे जो सभी पृथ्वी वासियों के लिए लाभदायक होगा। उमेश गुप्ता ने कहा कि बक्सर जिला के लिया गौरव की बात है कि चार योद्धाओं को सम्मानित किया गया।

### प्रताप सागर में डंडे के बल पर चंदे की वसूली, नहीं देने पर तोड़ा ट्रक का शीशा

**डुमरांव।** दुगार्पूजा नजदीक आते ही पूजा समितियों द्वारा चंदा एकत्र करने में जी जान लगा दिया गया है। लेकिन प्रताप सागर की पूजा समिति द्वारा डंडे के बल पर चंदा वसूला जा रहा है। पूजा समिति के दर्जनों सदस्य एनएच 922 पर विभिन्न वाहन चालकों से जबरन चंदा वसूल रहे है और नहीं देने वालों के साथ मारपीट की जा रही है तथा उनके वाहनों के शीशें तोड़ दिए जा रहे है। रविवार को भी एक ट्रक चालक की पिटाई कर उसके वाहन का शीशा तोड़ा गया। उसका कसूर बत इतना था कि वह समिति सदस्यों को चंदा देने से इंकार दिया था। ग्रामीणों की मानें तो पांच दिन पहले भी एक ट्रक चालक की पिटाई कर शीशा तोड़ा गया था। वहीं हर दिन वाहन चालकों से दुर्व्यवहार किया जा रहा है। ग्रामीणों सूत्रों की मानें तो पूजा समिति से जुड़े सदस्य मनबढ़ू है तथा मना करने पर ग्रामीणों के साथ भी गाली गलौज पर उतारू हो जाते है। एनएच 922 पर जबरन चंदा वसूली से कई सवाल खड़े हो रहे है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने के लिए गाइड लाइन जारी किए गए है। जिसमें जबरन चंदा वसूली पर भी रोक लगाया गया है। लेकिन पुलिस की सुस्ती से पूजा समिति के सदस्य एनएच जैसी महत्वपूर्ण सड़क पर भी वाहन चालकों से मनमानी कर रहे है। वहीं एनएच 922 के अलावे डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर भी कई जगहों पर जबरन चंदा वसूले जाने की जानकारी मिली है। इस संबंध में नया भोजपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि वाहन चालकों द्वारा मौखिक शिकायत की गई है। लेकिन किसी ने एफआईआर दर्ज नहीं कराया है। वैसे मामले की जांच की जा रही है।



### पुण्यतिथि पर जिले में याद किए गए पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान




**बक्सर।** रविवार को लोजपा रामविलास के जिला कार्यालय में पार्टी संस्थापक सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर श्रद्धांजली सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने व संचालन अनुसूचित प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अरूण पासवान ने किया। श्रद्धांजली सभा में सबसे पहले स्व. पासवान के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि स्व. पासवान गरीब, दलित, शोषित, पीड़ित, वंचित के रहनुमा थे। उन्हीं के प्रयासों से आज देश में गरीबों को मुफ्त अनाज दिया जाता है। देश में मोबाइल क्रान्ति की शुरूआत इन्होंने ही की थी। मौके पर प्रदेश सचिव संजय कुमार पासवान, नसीम अंसारी, धनंजय पासवान, विवेक पाण्डेय, नौशाद आलम, राजीव रंजन पासवान, उरजेश राय, अर्जुन तिवारी, सुनिल बारी,ओम जी मिश्रा समेत सैकड़ो पदाधिकारी उपस्थित थे।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।



डा. राजीव कुमार झा
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441

# भोजपुर में बनास नदी में डूबने से किशोर की मौत, मचा कोहराम

❒ पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोटमार्टम
❒ तरारी थाना क्षेत्र के बरसी गांव में शनिवार की शाम घटी घटना

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के बरसी गांव स्थित बनास नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक बालक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत बालक तरारी थाना क्षेत्र के बरसी गांव निवासी विवेक पासवान का 12 वर्षीय पुत्र अमन कुमार है एवं वह आंगनवाड़ी में पढ़ता था। इधर मृत बालक के दादा रामाशंकर पसवान ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब दो बजे वह घर से गांव के ही कुछ बच्चों के साथ बनास नदी के किनारे घूमने निकला था। जहां वह अपना कपड़ा उतार कर बनास नदी में नहाने लगा। तभी नहाने के दौरान पानी अधिक गहरा होने के कारण वह उसमें डूब गया। उसकी दादी ने जिउतिया का व्रत रखा था। जिसको लेकर उसके डूबने के कुछ देर बाद स्नान करने के लिए उसी बनास नदी की ओर गई थी। तभी उसने देखा कि उसका कपड़ा नदी के किनारे रखा हुआ है। जब उन्होने वहां मौजूद लोग एवं बच्चों से पूछताछ की तो उन लोगो ने बताया कि वह नहाने के दौरान नदी में डूब गया। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना परिजनों के को दी ।सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद उसको पानी से बाहर निकाला। जिसके बाद परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर उसे तरारी पीएचसी ले आए। जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृत बालक अपने दो भाई में बड़ा था। परिवार में मां अमृता देवी एवं छोटा भाई ओम जी कुमार है। हादसे के बाद मृत बालक के घर में कोहराम मच गया है। हादसे के बाद मृत बालक की मां एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### लोक सेवक रामविलास स्मृति मंच के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**मखदुमपुर।** लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास सह लोक सेवक रामविलास स्मृति मंच के वरिष्ठ नेता अर्जुन शर्मा के अध्यक्षता में मखदुमपुर पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा मनाया गया। इस मोके पर रणधीर कुमार पिकु ने कहा के हमलोगो के नेता गरीब दलित वंचित के रहनुमा पद्म भूषण से सम्मानित स्वड्ट्रामविलास पासवान के नहीं रहने से पुरे देश को अपूरणीय क्षति हुई है। जो भविष्य में भरपाई संभव नहीं है। स्वर्गीय रामविलास पासवान का हीं देन है के पूरे भारतवर्ष में लॉकडाउन के क्रम में 80 करोड़ परिवारों के घर राशन मुफ्त में पहुंचा और आज भी गरीबों को यह मिल रहा है। वही जब पूरे देश में आर्थिक आधार पर आरक्षण की बात आई तो सामान्य वर्गों के लिए भी 10% आरक्षण दिलाने में अहम भूमिका अदा किया था, उन्होंने कहा के हमारे नेता देश हित मे कई काम किये है। वहीं कार्यक्रम में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में पार्टी के वरिष्ठ नेता कौशल शर्मा, राजीव शर्मा, इंदल पासवान, कौशल पासवान, वेंकटेश शर्मा, रणविजय शर्मा, मोहम्मद शहजाद, चंदन यादव, धर्मेंद्र पासवान, विपिन शर्मा, हीरा दास त्यागी सहीत कई कार्यकताओं ने अपने नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**आरा।** शहर के नवादा थाना में रविवार की शाम थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत के नेतृत्व में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान नवादा थाना क्षेत्र के में दुर्गा पूजा समिति के सभी अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं शांति समिति संगठन के सभी लोग मौजूद थे। उस दौरान थानाध्यक्ष द्वारा नवादा थाना क्षेत्र में किन-किन जगहों पर मूर्ति स्थापित होने वाली है उसकी जानकारी ली गई। इसके साथ ही पूजा समिति के अध्यक्षों को कई दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## बहियारा सोन हादसा : मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने की सड़क जाम

# सोन में डूबी चार किशोरी का शव बरामद

■ सेल्फी लेने और हंसी-मजाक के दौरान दो सोन सगी बहनों समेत डूब गयी थी पांचों लड़कियां

**केटी न्यूज/आरा**





भोजपुर जिले में जिउतिया पर्व को लेकर सोन नदी घाट पर नहाने के दौरान डूबी पांच लड़कियों में सगी बहन समेत तीन का शव रविवार की सुबह बरामद हो पाया है। जबकि दो की तलाश जारी है। उनका शव चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव के समीप पथलवा घाट स्थित झाड़ी से स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार मृतकों मूल रूप से पटना जिला के करजा गांव निवासी चितरंजन वर्मा की 16 वर्षीय पुत्री पूनम कुमारी उर्फ चंद्रावती कुमारी,15 वर्षीया सुमन कुमारी एवं उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी दशरथ यादव की 18 वर्षीय पुत्री निशा कुमारी शामिल है। इनमें चितरंजन वर्मा एवं उनके भाई देवेंद्र वर्मा करीब 20 वर्षो स्थानीय थाना क्षेत्र के चांदी गांव में अपना मकान बनाकर रहते हैं। वहीं चांदी थाना क्षेत्र के चांदी चौक कुंजन टोला निवासी ददन राय की 20 वर्षीय पुत्री अनीता देवी एवं देवेंद्र वर्मा की 18 वर्षीय पुत्री अंजली कुमारी की तलाश अभी जारी है। वहीं घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीआरएफ टीम के देर से आने एवं मुआवजे की मांग को लेकर बरामद तीनों शवो को सड़क के बीचों-बीच रख सड़क जाम कर दिया है। सड़क जाम के दौरान ग्रामीणों ने टायर जलाकर आग जानी भी की। सड़क जाम व आगजनी होने के कारण सड़क की दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है एवं आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। उधर सड़क जाम एवं आगजनी की सूचना पाकर चांदी थानाध्यक्ष सौरभ कुमार,कोईलवर प्रखंड के बीडिओ एवं सीओ घटनास्थल पर पहुंच गए है। इसके पश्चात एसडीआरएफ के टीम के सहयोग से लापता दोनों लड़कियों की थी सर्च अभियान जारी है।

बता दे की शनिवार की शाम चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव के समीप पथलवा घाट पर ददन राय की 20 वर्षीया विवाहिता पुत्री अनीता देवी,दशरथ यादव की पुत्री निशा कुमारी, चितरंजन वर्मा की दो पुत्री सुमन कुमारी,पूनम कुमारी उर्फ चंद्रावती कुमारी एवं उनकी चचेरी बहन अंजली कुमारी जिउतिया पर्व को लेकर नहाने गई थी। नहाने के दौरान जब उनमें से एक लड़की गहरे पानी में जाकर सेल्फी ले रही थी और सभी लड़कियां आपस में हंसी-मजाक कर रही थी। उसी दौरान सभी लड़कियां अचानक सोन नदी में डूब गई। सोन नदी का बहाव इतना तेज था कि देखते ही देखते पांचों लड़कियां वहां मौजूद अपने परिजनों की आंखों से ओझल हो गई। इसके बाद वह मौजूद उनके परिजन एवं द्वारा शोर मचाना शुरू किया गया। जिसके बाद उनके शोर मचाने की आवाज सुनकर सैकड़ो की संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं गोताखोर वहां पहुंचे और सोन नदी में चलांग लगा दी। लेकिन स्थानीय गोताखोरों एवं ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद भी शनिवार की देर शाम तक किसी का भी नहीं मिल पाया था। वही घटना के संबंध में बताया जाता है कि चांदी थाना क्षेत्र के चांदी बाजार स्थित कुंजन टोला निवासी सह सामाजिक कार्यकर्ता ददन राय की बेटी अनीता देवी,उनके साले दशरथ यादव की बेटी निशा कुमारी,उनके घर में किराए पर रह रहे चितरंजन वर्मा की दो पुत्री सुमन कुमारी,पूनम कुमारी उर्फ चंद्रावती कुमारी व देवेंद्र वर्मा की बेटी अंजली कुमारी स्थानीय थाना क्षेत्र के बहियारा गांव के समीप पथलवा घाट पर नहाने गई थी। हादसे को लेकर मृतकों के घर एवं पूरे गांव में मातम छा गया है। मृतकों की मां एवं परिवार के अन्य सदस्यों के रोने-धोने एवं उनकी चित्तकारियों की गूंज से पूरा गांव गमगीन हो चुका है।

### चार लड़कियां बचाने के क्रम में डूब गई



नहाने के दौरान पांचो लड़कियां आपस में हंसी–मजाक करने लगी। हंसी मजाक के दौरान सभी लड़कियां नदी के अंदर जाकर सेल्फी लेने लगी। उसी क्रम में उनमें से एक लड़की अचानक बालू के गड्ढे में जा गिरी। पानी अधिक गहरा होने के कारण वह उसमें डूब गई। उसे डूबता देख साथ रही चार लड़कियां भी उसे बचाने के क्रम में डूब गई। देखते ही देखते चार मां ने अपनी पांच बेटियों को खो दिया। इनमें एक मां ने एक साथ अपनी दो बेटी को खो दिया है। डूबी पांचों लड़कियों की चार मां ने उनकी लंबी उम्र को लेकर जिउतिया का निर्जला व्रत रखा था। लेकिन उन्हें क्या मालूम था कि जिन बच्चियों के लिए उन्होंने जिउतिया का निर्जला व्रत रखा है। वही उनसे छिन जाएगी।




# गर्ल्स फुटबॉल एकेडमी की खिलाड़ी हुईं सम्मानित



◆ बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों का राज्य स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए होगा चयन

**केटी न्यूज/ जहानाबाद**

जहानाबाद जिला मुख्यालय के प्लस टू उच्च विद्यालय गांधी स्मारक भी टी स्कूल खेल मैदान पर गर्ल्स खिलाड़ि सुप्रिया कुमारी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया । यह सम्मान जहानाबाद गर्ल्स फुटबॉल एकेडमी जहानाबाद द्वारा फुटबॉल में बेहतर प्रैक्टिस के लिए किया गया है । मालूम की अकादमी द्वारा सुबह में निशुल्क गर्ल्स फुटबॉल खिलाड़ियों को व्यायाम के साथ-साथ खेल का अभ्यास प्रशिक्षक द्वारा कराया जाता है । अकादमी के चेयरपर्सन राजीव कुमार रंजन ने बताया कि प्रशिक्षक राजेश कुमार बिहार फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण से उत्तीर्ण है । जो गर्ल्स फुटबॉल एकेडमी के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं । इनके अलावा जहानाबाद पुलिस लाइन के अधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देने में अपना योगदान निभाते हैं । साथ ही बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ट्रायल के आधार पर नवंबर में होने वाला राज्य स्तरीय खेल के लिए टीम का गठन किया जाना है ।

### धूमधाम से मनाया जाएगा चित्रगुप्त पूजा

**जहानाबाद ।** श्री चित्रगुप्त सेवा संघ के द्वारा विधि प्रकोष्ठ के सभापति अधिवक्ता नुनु कुमार के अध्यक्षता में स्थानीय ठाकुरबाड़ी स्थित चित्रगुप्त मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया था ! बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले यमद्वितीया को चित्रगुप्त पूजन दिवस मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा, वही इस अवसर पर संध्या में आमसभा का भी आयोजन किया जाएगा और साथ ही साथ 122वां स्मारिका का विमोचन किया जाएगा ! बताते चले की प्रकाश सिन्हा को पूजा समिति का प्रभारी मनोनीत किया गया है, साथ ही बताया गया कि वार्षिक सहभोज,चित्रांश मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन 10 दिसंबर को मंदिर परिसर में किया जाएगा !बैठक के उपरांत लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर उनके तैलचित्र पर उपस्थित चित्राशों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ! वक्ताओं ने बताया कि सम्पूर्ण क्रांति के अग्रदूत, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रखर समाजवादी लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी का जीवन हम लोग के लिए प्रेरणास्रोत है।

# हर्षिता का बिहार विमेंस अंडर 19 क्रिकेट टीम में हुआ चयन

**केटी न्यूज/ जहानाबाद**



जहानाबाद जिला वासियों के लिए बहुत ही खुशी का दिन है, क्यूंकि जो जहानाबाद आज से 15,20 वर्ष पूर्व नक्सलियों और उग्रवादियों के नाम से मशहूर था आज वो जिला खेल खिलाड़ियों के नाम से मशहूर होते जा रहा है।

आज हम बात कर रहें किरण क्रिकेट एकेडमी जहानाबाद के हर्षिता मिश्रा के बारे में जिसका चयन बिहार विमेंस अंडर-19 क्रिकेट टीम में हुआ है, जिसकी उम्र तो अभी मात्र पंद्रह वर्ष ही हुआ है पर अपने मेहनत के दम पर व-19 टीम में जगह बनाने में कामयाब हुई है, सीनियर खिलाड़ी संतोष कुमार के मार्गदर्शन में मेहनत कर रही है, हर्षिता मिश्रा के बारे में बता दूं तो वह लेफ्ट आर्म पेसर गेंदबाज है जिसके अंदर बॉल को दोनों तरफ स्विंग कराने की काबिलियत है,इसके मेहनत के पीछे क्रिकेट क्षेत्र में मशहूर संतोष कुमार का बहुत बड़ा योगदान रहा है। जो अपने सपने को साथ में लेकर चलने के साथ-साथ लगभग हर वैसे बच्चे जो क्रिकेट में इच्छा रखते है उनको ट्रेंड कर रहे है जिसमे एक हर्षिता मिश्रा भी है,ऐसे में आप सभी को पता होगा की क्रिकेट के क्षेत्र में बहुत सारे अभिभावक अपने बेटों को नहीं खेलने के लिए आदेश देते है पर हर्षिता मिश्रा के माता-पिता को बहुत बहुत आभार की आप इनको सपोर्ट किए और जिले से एक विमेंस खिलाड़ी जो बिहार राज्य को प्रतिनिधित्व करने का मौका प्रदान किए। ऐसे आप सभी को बता दूं कि ये क्रिकेट की पहली खिलाड़ी है जो इस जिले की निवासी है और जहानाबाद के वीटी के प्रांगण में अवस्थित किरण क्रिकेट एकेडमी में प्रैक्टिस करके बिहार राज्य के लिए प्रतिनिधित्व कर रही है।




## जहानाबाद रतनी प्रखंड के मध्य विद्यालय शकुराबाद की घटना

# कबाड़ में बेच दी गईं बच्चों की किताबें

**केटी न्यूज/ जहानाबाद**



जहानाबाद रतनी प्रखंड बिहार में शिक्षा विभाग की एक पर एक कारनामा कही न कही दिख रही है। के के पाठक द्वारा लाख कोशिश करने के वावजूद उनके ही शिक्षक की कारनामा देख लोग अचंभित हो रहे हैं। हां मैं जो कुछ कह रहा हूं,आप भी सुनकर हैरान हो जाएंगे। चौंकिए नहीं ताजा मामला रतनी फरीदपुर प्रखंड क्षेत्र के मध्य बिधालय शकूराबाद का है, जहां एच एम द्वारा सरकार से मिलने वाली किताबों की कवाड़ खाना की शोभा बढ़ाने हेतु तीन ठेला के माध्यम से भेजा जा रहा था।

अचानक गलीमत रहा की ससमय पत्रकार की नजर विद्यालय से किताबों की बंडल लदा ठेला बाहर निकलते देखा,तो ज्योंहि पत्रकार ने रोकने की कोशिश किया तो, तब तक एक किताब लदा ठेला भागने में सफल रहा, परंतु दो किताबों से लदा ठेला को रोक कर जांच किया तो चौंकना स्वाभाविक था। दोनों ठेलो पर सरकार द्वारा विद्यालय में पढ़ने हेतु बच्चों को देने वाली किताबों की ब?डल बोरी में बंद कर बेचने की बात सामने आई। वही जब एच एम को जानकारी मिली तो उन्होंने पत्रकार को ही धमकाने का प्रयास किया। वही जब जिला शिक्षा पदाधिकारी जब सम्पर्क कर जानकारी दी गई तो, जिला शिक्षा पदाधिकारी बात करने से इंकार कर दिया। मामला चाहे जो कुछ भी हो लेकिन शिक्षा सचिव की आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए शिक्षा की पोल खोलता दिख रहा है।

### आरा में करेंट की चपेट में आने से मजदूर घायल

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के भलुहीपुर मोहल्ले में रविवार की शाम करेंट की चपेट में आने एक मजदूर झुलस गया। इसके बाद उसे इलाज आरा सदर अस्पताल में लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार घायल युवक टाउन थाना क्षेत्र के वलीगंज मो.सलीम का 26 वर्षीय मो.शमी है। घटना संबंध में बताया जाता की वह टेंट में काम करता है। रविवार की शाम वह भलुहीपुर मोहल्ले में दुर्गा पूजा को लेकर पंडाल बनाने का काम कर रहा था। उसी दौरान वह करेंट की चपेट आ गया और घायल हो गया। जिसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।



# जिला अस्पताल में स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन

- नियमित स्वच्छता अपनाये जाने हेतु जागरूक किया गया

**केटी न्यूज/ मऊ**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेर्शों के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , मऊ रामेश्वर एवं अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ अभिनय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,



लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंर्तगत जिला चिकित्सालय,मऊ में स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वक्तागण द्वारा पालीथीन का प्रयोग न करने, सप्ताह में कम से कम एक घंटा अपने परिसर को स्वच्छ रखने में योगदान देने ,कूडा-कचरा को इधर-उधर न फेकने, खुले में शौच न करने, पेड़-पौधे लगाने इत्यादि के सम्बंध में उपस्थित जनमानस को नियमित स्वच्छता अपनाये जाने हेतु जागरूक किया गया।

साथ ही साथ उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति, इलाहाबाद द्वारा प्राप्त निदेर्शों के अनुक्रम में राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह मऊ में रह रहे किशोरों के मध्य बागवानी के फायदे विषयक संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# बांसडीह नपं चेयरमैन के खिलाफ केस दर्ज

**केटी न्यूज/बांसडीह**

बड़ी बाजार स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शीला सिंह की तहरीर पर बांसडीह कोतवाली पुलिस ने बांसडीह नगर पंचायत के चेयरमैन पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दिए तहरीर में प्रधानाध्यापिका शीला सिंह ने तहरीर में लिखा है कि बीते बुधवार को जब मैं विद्यालय में पठन पाठन में कार्य में संलग्न थी तभी मेरे विद्यालय पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार चौबे आ गए तथा मेरे विद्यालय पर निरीक्षण कार्य कर रहे थे। करीब साढ़े ग्यारह बजे आदर्श नगर पंचायत बांसडीह के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, कृष्ण कुमार वर्मा, सभासद वार्ड नंबर 14 अरुण कुमार सिंह पहुंचे।

चेयरमैन सुनील कुमार सिंह ने पूछा कि यह विद्यालय किस वार्ड में है, खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा मुझसे पूछे जाने पर मैंने बताया कि विद्यालय वार्ड नंबर पांच में है। इसी बात से वे भड़क गए और कहने लगे कि कौन बताया है। मैंने बताया कि पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया है। इसी पर मौके पर मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी, विद्यालय के बच्चो, महिला सहायक अध्यापिकाओ, रसोइयो के सामने ही तत्कालीन बीईओ चौरसिया के नाम को लेकर भद्दी भद्दी गाली देते हुए कहने लगे कि वो कौन होता है वार्ड को तय करने वाला, मैं वार्ड तय करूंगा। इस प्रकार मेरी कुर्सी पर बैठ कर अभद्र भाषा एवं गाली गलौज करने लगे तथा सबको सबक सिखाने की धमकी देने लगे। इनके गाली गलौज और चीखने चिल्लाने से सभी अध्यापक और बच्चे डर गए और विद्यालय का शैक्षणिक माहौल खराब हो गया। इनसे मेरी एवं मेरे परिवार को जान माल का खतरा है। इस मामले पर कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, जांच की जा रही है।

## खबरें फटाफट

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी बरी

**बलिया।** दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व जहर खाकर मौत के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शनिवार की शाम सुनवाई करते हुए अभियुक्त को बाइज्जत बरी कर दिया। मामला करीब छह साल पहले रेवती थाना क्षेत्र के एक गांव में घटित हुआ था। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनी मुकदमा पीड़िता की मां ने रेवती थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी लड़की को 13 नवंबर 2017 को गांव के ही मिथिलेश पुत्र बृजेश यादव कहीं भागा ले गया हैं। वादिनी ने अपनी लड़की की तलाश में इधर उधर भटकती रही, लेकिन उनकी लड़की का कहीं अता-पता नहीं चल सका। 16 नवंबर 2017 को शाम 6 बजे मुकेश यादव पुत्र बृजेश यादव ने वादिनी के देवर जगमोहन यादव को फोन पर बताया कि उसकी भतीजी ने जहर खा लिया है और सोनबरसा अस्पताल में भर्ती है। इस सूचना पर वादिनी अपने देवर के साथ अस्पताल पहुंची तो डॉक्टर ने बताया कि जहर खा लिया है और सीरियस है, बलिया रेफर कर दिया हूं। रात हो जाने के कारण वादिनी बलिया ना जा सकी। पीड़िता की मां जब दूसरे दिन 11 बजे सदर अस्पताल पहुंची तो देखा कि मर्चरी में उनकी बेटी का शव रखा है। इस मामले में रेवती थाने पर तीन दिसंबर को अभियुक्त मिथिलेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इस मामले में सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अभियुक्त मिथिलेश के खिलाफ साक्ष्य न पाते अभियुक्त को बाइज्जत बड़ी कर दिया।

### दिलीप कुशवाहा को थावे विद्यापीठ ने विद्या वाचस्पति उपाधि से किया सम्मानित



**जहानाबाद।** थावे विद्यापीठ द्वारा वाराणसी में राष्ट्रभाषा/ राजभाषा हिन्दी का अतीत,वर्तमान और भविष्य पर दो दिवसीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें देश के कोने कोने से आये हिंदी के विद्वानों ने हिंदी की महत्ता पर विस्तार से चर्चा किया। इस मौके पर बिहार जदयू के प्रदेश सचिव दिलीप कुशवाहा उर्फ सागर कुमार को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विद्या वाचस्पति (डॉक्टरेट) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। श्री कुशवाहा ने अपने संबोधन में हिंदी की महत्ता को बताते हुए कहा कि हिन्दी देश की राजभाषा है और आज सबसे ज्यादा न्यूज पेपर और न्यूज चैनल हिंदी भाषा मे है और उसके बाद क्षेत्रीय भाषाओं में है। आज देश के बाहर भी मॉरीशस, त्रिनिदाद, सूरीनाम, गुयाना सहित कई अन्य देशों में हिंदी भाषा एक क्षेत्रीय भाषा है।मॉरीशस की सरकार ने विश्व हिंदी सचिवालय की स्थापना किया है। कुशवाहा ने कहा कि हिंदी को सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के माध्यम के साथ साथ निजी स्तर पर भी लोगों को हिंदी के प्रति प्रोत्साहित करना चाहिए।

## तीनों चोर बाइक बेचने के लिए जाते समयचढ़े पुलिस के हत्थे

# मिली सफलता: चोरी की बाइक के साथ तीन युवक गिरफ्तार




**केटी न्यूज/बैरिया**

पुलिस ने रविवार की सुबह चोरी की बाइक के साथ तीन युवकों को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब तीनों चोरी की बाइक बेचने के लिए कहीं जा रहे थे। उक्त जानकारी देते हुए एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने बताया कि शोभाछपरा निवासी अमावस साहु तीन दिन पूर्व अपनी पल्सर बाइक सोनबरसा मोड़ के निकट एक ढ़ाबा के सामने खड़ा करके ढ़ाबा में खाना खा रहे थे, कि उनकी बाइक चोरों ने उड़ा लिया। जिसकी प्राथमिकी पीड़ित द्वारा बैरिया थाने में दर्ज कराई गई थी। उस चोरी के बाइक के साथ राम प्रकाश उर्फ बंडा निवासी बैरिया व चंदन मिश्रा उर्फ गोलू मिश्रा तथा हरिपाल उर्फ रोहित पाल निवासीगण तिवारी के मिल्की को रविवार को सुबह 8:00 बजे के लगभग सोनबरसा चौराहा से गिरफ्तार कर लिया गया। उनके निशानदेही पर एक और बाइक बरामद की गई है।

एसएचओ ने बताया कि तीनों अभियुक्तों को संबंधित धाराओं में निरुद्ध कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया गया है। और मामले में आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### 1200 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार

**चितबड़ागांव।** स्थानीय पुलिस ने रविवार की दोपहर शहीद गेट उसरौली मर्ची खुर्द गांव जाने वाली सड़क से एक व्यक्ति को 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम हीरालाल गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता चितबड़ागांव नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 अब्दुल कलाम नगर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी जगदीश गुप्ता को एनडीपीएस एक्ट में न्यायालय में चालान कर दिया। चितबड़ागांव थाने की पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शहीद गेट उसरौली मर्ची खुर्द गांव जाने वाली सड़क पर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है तथा उसके पास एक झोला है। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। जमातलाशी लेने पर उसके पास से एक किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।



# 82 मरीजों की हुई जांच, किया गया जागरूक

- आयुष्मान भव: मेला का किया गया आयोजन

**केटी न्यूज/ मऊ**

मोहम्मदाबाद गोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का आयोजन अस्पताल परिसर में किया गया ।इस मेले में ब्लॉक एवं कस्बे के विभिन्न मोहल्ले से आए महिलाओं का परीक्षण कर चिकित्सकों ने इन्हें दवाई भी दी।



इस मौके पर विभिन्न रोगों के चिकित्सकों द्वारा 82 मरीज का जांच कर उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए चिकित्सकों ने स्वच्छता सफाई एवं अन्य बीमारियों से बचाव हेतु उन्हें जागरूक किया। इस मौके पर चिकित्सक डॉक्टर आनंद कुमार, डॉ संतोष कुमार यादव, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राम कुंवर यादव, फार्मासिस्ट कपिल देव, सरोज यादव, राजेंद्र कुमार सहितअस्पताल के समस्त चिकित्सक स्टाफ नर्स मौजूद रहे। इस अवसर पर अस्पताल की अधीक्षक डॉक्टर दिनेश कुमार चंद्रा ने लोगों से अपील किया कि विभिन्न जानलेवा बीमारी एवं संक्रामक रोगों से बचने के लिए आप लोग स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें किसी प्रकार की बीमारी होने पर तत्काल अस्पताल पहुंचकर परीक्षण कराकर उसके बाद दवा का प्रयोग करें जिससे आप स्वस्थ रहेंगे।




### बीड़ी श्रमिकों के अध्ययनरत पुत्र व पुत्रियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**मऊ।** प्रभारी चिकित्सा अधिकारी केंद्रीय बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार अवधेश चंद्र वर्मा ने बताया कि भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मन्त्रालय के अन्तर्गत श्रम कल्याण संगठन, कार्यालय जनपद-मऊ जिले के समस्त बीड़ी श्रमिकों के अध्ययनरत पुत्र / पुत्रियों हेतु शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 1 से 12 एवंम उच्चतर डिग्री एवं व्यवसायिक कोर्स हेतु आर्थिक सहायता (छात्रवृत्ति) के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उक्त आर्थिक सहायता हेतु आवेदन पत्र के लिए पात्र अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ बीड़ी श्रमिक परिचय पत्र (दोनों तरफ का) तथा उत्तीर्ण कक्षा के अंकपत्र को स्कैन करके अपलोड करना अनिवार्य है। आनलाइन आवेदन प्रारम्भ तिथि 01 अक्टूबर से एवं अन्तिम तिथि के लिए 30 नवम्बरतथा के लिए 31 दिसम्बर तक है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में खारा बरेजी ने जहानाबाद को 30/7 हराया



**केटी न्यूज/ मऊ**

परदहा ब्लॉक क्षेत्र के खरगजेपुर में कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच का आयोजन किया गया. यह आयोजन अंसारी कबड्डी प्रतियोगिता द्वारा किया गया। फाइनल मुकाबला खारा बजेरी और जहानाबाद पटना के बीच खेला गया।

खारा बजेरी ने रोमांचक मुकाबले में जहानाबाद पटना को 30/7 से हरा कर मैच जीत कर ट्राफी अपने नाम किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सभी प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि- विक्रमजीत सिंह - जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी- मऊ, बिशिष्ट अतिथि- जितेन्द्र चौहान जिला उपाध्यक्ष , आलोक सिंह - जिला सचिव एवं सह आयोजक जितेन्द्र जायसवाल - जिला अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ, कमेटी के सदस्य व अध्यक्षता कर रहे मुनौवर अली श्री मोहम्मदीन अंसारी, अनवर अंसारी, आरिफ अंसारी, अबरार अहमद, सरताज अहमद, आसिफ अहमद सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### सीमांकन पत्थर को उखाड़ने पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मऊ।** उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 24 के तहत दिए गए आदेश के अनुपालन में ग्राम अछार के गाटा संख्या 77 रकबा 0.177 हेक्टेयर में सीमांकन के उपरांत गड़वाए गए पत्थर को उखाड़ कर ट्रैक्टर से जोत कर दबंगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करने की शिकायत सही पाए जाने के उपरांत कल्पनाथ पुत्र मंगरु, पता ग्राम चोरपा खुर्द के विरुद्ध थाना सराय लखंसी, जनपद मऊ में भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 447 के अंतर्गत क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई। जनसुनवाई के दौरान रंजन राम व संजय कुमार, सा. डोमनपुरा, तहसील सदर जनपद मऊ ने पक्की पैमाइश होने के उपरांत गाड़े गए पत्थरों को उखाड़ फेंकने तथा खेत को ट्रैक्टर द्वारा जोतने की शिकायत जिला अधिकारी के समक्ष की थी, जिसकी जांच कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जिला अधिकारी द्वारा संबंधित लेखपाल को दिए गए थे।

## मोहमदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# कोई भी पूजा पंडाल में शराब पीकर न आए: डॉ. अजय

**केटी न्यूज/ मऊ**

मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में रविवार संध्या शांति समिति की एक बैठक क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अजय विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी ने कहा कि आगामी पर्व दुर्गा पूजा, रामलीला, भारत मिलाप, सभी को शान्ति पूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी समिति एवं प्रतिमा स्थापित करने वाले पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि कोई भी पूजा पंडाल में शराब पीकर नहीं आएगा और किसी प्रकार के विवाद होने पर अगर वह व्यक्ति चिन्हित होकर पाया जाता है तो उसकी विरुद्ध पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी । प्रतिमा स्थापित करने के लिए जो निर्धारित प्रतिमा की ऊंचाई है उसी का पालन करें अनावश्यक बहुत लंबी प्रतिमा ना स्थापित करें। पंडाल के अंदर भक्ति गीत का गायन हो, अभद्रता वाले कोई भी गीत प्रस्तुत न करें तथा प्रत्येक प्रतिमा स्थापित, रामलीला और भारत मिलाप के पदाधिकारी अपने-अपने कार्यकताओं का परिचय पत्र अवश्य बनवा दे जिससे लोगों को पहचान करने में आसानी हो।

उन्होंने कहा कि प्रशासन तथा पुलिस सदैव उनके साथ है हर मुसीबत में उनकी सेवा करेगी ।इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह ने उपस्थित विभिन्न प्रतिमा स्थापित करने वाली समिति के आयोजकों से अपील किया की अफवाहों पर ध्यान दे। यह पर्व आपका है मिलजुल कर मनाएं। इस अवसर पर विभिन्न मूर्ति समिति के पदाधिकारी, रामलीला समिति के अध्यक्ष तथा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड, राजकुमार गुप्ता, अजीत जायसवाल, अली इमदाद जैदी, गुंजन श्रीवास्तव, इकबाल अहमद, नौशाद अहमद समेत इंचार्ज एवं पुलिस तथा महिला पुलिस तथा समरांत लोग मौजूद रहे।

### विद्यालय परिसर में किया गया पौधरोपण

**जहानाबाद।** घोसी प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण में वृहत पैमाने पर पौधरोपण किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा 123वें साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में जामुन,कहुआ,आंवला,गुलमोहर एवं फूल के पचास से अधिक पौधे लगाए गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार के द्वारा पौधों का पूजन किया गया तत्पश्चात गायत्री मंत्र का सस्वर उच्चारण करते हुए पौधों का रोपण किया गया ।मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार ने कहा की घटते पेड-पौधें ऋतुओं में आ रहे बदलाव का मुख्य कारण है ।हम अभी नहीं चेते तो आनेवाली पीढियां शुद्ध वायु एवं स्वच्छ जल के लिए तरस जायेंगी। पौधरोपण कार्यक्रम में सी आर पी एफ कमांडेंट विभूति कुमार सिन्हा, शिक्षक कृष्ण कुमार, वचन देव कुमार, मुन्ना कुमार, संतोष शर्मा, सुनील पांडेय व अन्य मौजूद रहे।



## खबरें फटाफट

### मुलायम सिंह यादव की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 10 को

चहनियां ( चंदौली )। यदुवंश चेतना मंच , समिति के सौजन्य से समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व रक्षा मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री धरती पुत्र श्रद्धेय स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आगामी 10 अक्तूबर दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे बी टी सी कालेज हसनपुर , गुरेरा स्थित सभागार में आयोजित की गई है ।उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए यदुवंश चेतना मंच समिति के संयोजक पूर्व ब्लॉक प्रमुख लालता यादव ने जनपद व समस्त क्षेत्र वासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है ।

### पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

**चहनियां(चंदौली)।** बलुआ थाना क्षेत्र के बलुआ सराय गांव में शनिवार को गंगा में उतराये शव की शिनाख्त पुलिस ने कर लिया है । उक्त शव की पहचान भगवानपुर गांव निवासी 60 वर्सीय छेदी प्रजापति के रूप में हुई। बलुआ सराय गंगा नदी किनारे शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था । ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अगली कार्यवाही में जुट गयी । मिले शव का शिनाख्त बलुआ पुलिस ने शिनाख्त कर ली है । जो भगवानपुर के छेदी प्रजापति है । जिनकी दिमागी हालत ठीक नही थी। वह दमा के बीमारी से पीड़ित थे। कभी कभी जब तेज दमा फूलती थी तो घबरा जाते थे। वही बेचैन हो जाते थे इसी दौरान घबरा कर गंगा नदी मे कूद पड़े जिनकी मौत हो गयी ।

### जनपद के 2165 मरीज का हुआ उपचार

**चंदौली।** जनपद के 21 ग्रामीण एवं 02 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को 117 वें मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले मे स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आयुष्मान भारत के अन्तर्गत लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाने एवं कोविड - 19 के लक्षणयुक्त मरीजों की भी जांच की गयी । चिकित्सकों द्वारा आज कुल 2165 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 972 पुरुष, 857 महिला एवं 336 बच्चे थे। आज कुल 213 लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाये गये एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनाये गये कोविड हेल्प डेस्क पर 247 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिसमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटीव नहीं आयी है। मलेरिया के कुल 96 टेस्ट किये गये, जिनमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटिव नहीं आई है। टी0बी0 के लक्षणयुक्त चिन्हित किये गये मरीजों की संख्या 15 है । कुल 10 मरीजों का डेंगू परीक्षण किया गया, जिसमें किसी भी मरीज की रिपोर्ट डेंगू धनात्मक नहीं आई है। मेले में आये समस्त मरीजों का उपचार करते हुए आवश्यक परामर्श एवं दवाएं वितरित की गयी ।

### बाण सागर परियोजना को लागू करने की मांग

**चंदौली।** किसान विकास मंच की बैठक इलिया के भिटिया गांव स्थित शिव मंदिर पर रविवार को संपन्न हुई। जिसमें स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट तथा बाण सागर परियोजना को लागू करने की मांग की गई। मंच के प्रवक्ता जयनाथ सिंह ने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करने से किसानों के फसल के लागत का वास्तविक मूल्य मिल जाएगा, वहीं बाणसागर परियोजना को लागू होने से सिंचाई के लिए पानी की कमी नहीं होगी। इन दोनों परियोजनाओं को लागू करके बदहाली को रोका जा सकता है। इसके अलावा खेती की विविध समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

# 22 हजार नये कैमरों से सेफ सिटी पर रहेगी पैनी नजर

**लखनऊः प्रदेश में सेफ सिटी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए योगी सरकार की ओर से युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। परियोजना के तहत सेफ सिटी पर पैनी नजर रखने के लिए करीब 22 हजार कैमरों की पहचान की गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप गृह विभाग ने सेफ सिटी परियोजना के पहले चरण के तहत 17 नगर निगमों व गौतमबुद्ध नगर में इन्टीग्रेशन के लिए 21,968 कैमरों की पहचान की है, जिसमें से 15,732 को कण्ट्रोल रूम से इन्टीग्रेट किया जा चुका है। इसके अलावा नये कैमरों के लिये 4,150 हॉट स्पॉट चिन्हित किये गये हैं। यहां नये कैमरे लगाने का काम जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही 1861 हॉट-स्पॉट को चिन्हित कर 656 पीआरवी द्वारा पेट्रोलिंग करायी जा रही है। इस दौरान 2324 डार्क स्पॉट्स को भी चिन्हित किया गया है, जिसमें से 1416 स्थानों पर स्ट्रीट लाइट स्थापित की जा चुकी है।**

## 15 हजार से अधिक सीसीटीवी को आईसीसीसी और आईटीएमएस से जोड़ा गया




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेफ सिटी परियोजना को लेकर हाल ही में गृह विभाग के साथ समीक्षा बैठक की थी, जिसमें उन्हे गृह विभाग के अधिकारियों ने प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने परियोजना से जुड़े गृह विभाग के शेष बचे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। सेफ सिटी परियोजना पर सीएम की इसी मंशा के अनुरूप तेजी से कार्य किया जा रहा है। इनमें सरकारी और निजी सीसीटीवी, अंधेरे वाले स्थानों, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था वाले स्थानों की पहचान का काम डेडलाइन के तहत पूरा कर लिया गया है। गृह विभाग द्वारा 17 नगर निगम और गौतमबुद्ध नगर में सीसीटीवी कैमरों को स्मार्ट सिटी के कंट्रोलरूम से इंटीग्रेट करने के लिए 21 हजार से अधिक कैमरों को चिन्हित किया गया है। इनमें 10 नगर निगम के स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) से इंटीग्रेशन के लिए 11544 कैमरों को चिन्हित किया गया है जबकि 7 नगर निगम के स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से इंटीग्रेशन के लिए 7285 कैमरों को चिन्हित किया गया है। इसी तरह गौममबुद्धनगर के आईसीसीसी से इंट्रीग्रेशन के लिए 3139 कैमरों की पहचान की गयी है। इनमें से नगर विकास द्वारा 10 नगर निगम के आईसीसीसी से 8940 कैमरों को इंटीग्रेट किया जा चुका है। इसी तरह पुलिस विभाग के अलावा स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम से 10 नगर निगम के आईसीसीसी से 5684 कैमरों और 7 नगर निगम के आईटीएमएस से 1108 कैमरों को जोड़ा जा चुका है। ऐसे में कुल 15 हजार से अधिक सीसीटीवी को आईसीसीसी और आईटीएमएस से जोड़ा जा चुका है।

### सबसे अधिक वाराणसी में किए गए चिन्हित

यूपी पुलिस ने सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर में 3139 सीसीटीवी की पहचान की है जबकि दूसरे नंबर पर कानुपर में 3019, तीसरे नंबर पर मेरठ में 2120, चौथे नंबर पर गाजियाबाद में 1464 और पांचवे नंबर पर लखनऊ में 1461 सीसीटीवी की पहचान की है। इसी तरह महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के लिए एक सुरक्षित, संरक्षित एवं सशक्त वातावरण देने के लिए 2324 डार्क स्पॉट चिन्हित किये हैं। इनमें पहले नंबर पर गौतमबुद्धनगर में 322, दूसरे नंबर पर कानुपर में 268, तीसरे नंबर पर गाजियाबाद में 263, चौथे नंबर पर वाराणसी में 196 और पांचवे नंबर पर अलीगढ़ में 182 डार्क स्पॉट चिन्हित किये हैं। इसके अलावा यूपी पुलिस ने 4150 हॉट स्पॉट सीसीटीवी के लिए चिन्हित किये हैं।



### 2324 डार्क स्पॉट स्ट्रीट लाइट तो पेट्रोलिंग के लिए चिन्हित किए गए 1861 कैमरे

पहले नंबर पर वाराणसी में 728, दूसरे नंबर पर लखनऊ में 509, तीसरे नंबर पर कानपुर में 449, चौथे नंबर पर अलीगढ़ में 353 और पांचवे नंबर पर मेरठ में 316 हॉट स्पॉट स्थानों की सीसीटीवी के लिए पहचान की गयी है। वहीं यूपी-112 की ओर से पेट्रोलिंग के लिहाज से 1861 स्थानों की पहचान की गयी। इनमें सबसे ज्यादा लखनऊ में 299, दूसरे नंबर पर गोरखपुर में 190, तीसरे नंबर पर सहारनपुर 183, चौथे नंबर पर कानुपर और प्रयागराज में 173 और पांचवे नंबर पर मेरठ में 151 स्थानों की पहचान की गयी है। वहीं इन स्थानों पर पेट्रोलिंग के लिए 656 पीआरवी को लगाया गया है। इनमें सबसे ज्यादा लखनऊ में 87, दूसरे नंबर पर कानपुर 80, तीसरे नंबर पर गौतमबुद्धनगर 63, चौथे नंबर पर मरेठ में 51 और पांचवे नंबर पर गाजियाबाद में 50 पीआरवी को पेट्रोलिंग के लिए लगाया गया है।

## सीनियर बालिका वर्ग में आदित्य नारायण राजकीय इंटर कॉलेज प्रथम



**केटी न्यूज/चहनियां**

(चंदौली)। बाल्मीकि इंटर कालेज में चल रहे जनपदीय स्तरीय खो खो प्रतियोगिता शनिवार की देर शाम को समाप्त हो गयी। प्रबंधक श्याम सुंदर सिंह व प्रभारी प्रधानाचार्य मनोज वर्मा ने बच्चो को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जनपद स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग में बाल्मीकि इंटर बलुआ के बच्चे प्रथम रहे। इंटर कालेज अहिकौरा धानापुर द्वितीय रहे। सीनियर बालिका वर्ग में आदित्य नारायण राजकीय इंटर कालेज प्रथम, बाल्मीकि इंटर कालेज बलुआ द्वितीय रहा। सब जूनियर बालक वर्ग में कम्पोजिट बिद्यालय हृदयपुर के बच्चे प्रथम, सरस्वती इंटर कालेज द्वितीय रहा। सब जूनियर बालिका वर्ग में बालिका वर्ग में बाल्मीकि इंटर कालेज बलुआ प्रथम व खण्डवारी देवी इंटर कालेज चहनियां द्वितीय रहा। इन बच्चो को पुरस्कृत करते हुए प्रबंधक श्याम सुंदर सिंह ने कहा कि जो बच्चे प्रथम आये है और जो द्वितीय आये है दोनो को बधाई के पात्र हैं।

## मानस सम्मेलन के लिए समिति की बैठक

**चंदौली।** मानस एवं आध्यात्म प्रचार समिति की ओर से रविवार को श्री राम जानकी शिव मठ मंदिर में बैठक हुई।इसमें 37 वाँ वार्षिक मानस सम्मेलन की व्यवस्था में पर चर्चा की गई। वही श्री रामकथा के सफल आयोजन के लिए सभी का आवाहन किया गया।

वहीं इसमें मानस सम्मेलन में बैठने व साज सज्जा, मानस प्रवक्ताओं के आगमन, ठहरने तथा आवास एवं प्रसाद, मानस सम्मेलन अवधि में कानून व शांति कायम करने,मानस सम्मेलन में प्रयुक्त धन संग्रह पर विस्तार मंथन किया गया। वही पदाधिकारी का चयन किया गया।

इसमें अध्यक्ष जयशंकर, जय बहादुर सिंह को उपाध्यक्ष, राज नारायण विश्वकर्मा को महामंत्री शिव बच्चन सिंह को कोषाध्यक्ष सेवानिवृत्ति जिला भूमि संरक्षण अधिकारी इंजीनियर राम के सिंह यादव को मुख्य सलाहकारों मीडिया प्रभारी बनाया गया।

## मोबाइल दुकान में लगी आग हजारों का सम्मान हुआ खाक

**केटी न्यूज/चंदौली**

नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 इंदिरा नगर स्थित वेलकम मोबाइल व लड्डू गोपाल मिठाई की दुकान में शनिवार की रात किन्हीं कारणों से आग लग गई। जिसके चलते मोबाइल की दुकान में हजारों का माल जलकर खाक हो गया वहीं मिठाई की दुकान भी इसकी जद में आ गई। इससे दुकानदार को भारी नुकसान हो गया।जब इसकी जानकारी हुई तो मौके पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आज पर काबू पाया।

बताते हैं कि वेलकम मोबाइल वह लड्डू गोपाल मिष्ठान भंडार के मालिक पिंकू अग्रहरि ने अपनी दुकान बंद कर घर चले गए अचानक मोबाइल की दुकान में तेज से धुआं उठने लगा तो आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और



इसकी जानकारी तत्काल उन्होंने मोबाइल दुकान के मालिक पिंकू अग्रहरि को दी इसकी जानकारी के बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को भी मोबाइल के जरिए दी जानकारी के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पहुंची तब तक लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया था। वही मौके पूछी पुलिस ऑफ फायर ब्रिगेड वह आसपास के लोगों की मदद से किसी प्रकार आग पर काबू पाया गया। दुकानदार का कहना है कि आज किन-किन कर्म से लगी इसका पता नहीं चल पाया है इससे भारी नुकसान हुआ है।

## एक नजर

### डॉ. कंचन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में सुंदर कांड पाठ समेत कई कार्यक्रम आयोजित



**चंदौली।** अभिषेक नर्सिंग एंड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट की संस्थापक डॉक्टर कंचन यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सुंदर कांड समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही मरीजों को फल वितरण गरीबों को भोजन के साथ ही वस्त्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार गुड्डू, रिटायर्ड भूमि संरक्षण अधिकारी इंजीनियर रामकेश यादव, अखिलेश मिश्रा समेत तमाम लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान डॉ संजय यादव ने बताया कि डॉ कंचन यादव की पुण्यतिथि पर हर साल की भांति इस बार भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। इस दौरान अभिषेक ग्रुप की तरफ से गरीबों में भोजन कराने के साथ वस्त्र व फल वितरण किया गया गया. उनकी पुण्यतिथि पर आगे भी इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान नगर निगम पंचायत चन्दौली के चेयरमैन सुनील कुमार गुड्डू ने डॉक्टर कंचन यादव की स्मृति शेष पर चर्चा करते हुए कहा कि वे हमेशा गरीब समाज के लोगों की सेवा के लिए तत्पर रही। वे आज हमारे बीच नहीं है,लेकिन उनकी यादें हमेशा हम सभी को प्रेरित करती रहेगी।

### रामविलास पासवान की पुण्यतिथि मनाई



**चंदौली।** चकिया तिराहा पर पूर्व मंत्री रामविलास पासवान की तृतीय पुण्यतिथि पासवान समाज द्वारा धूमधाम से इनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। वहीं गोष्ठी का आयोजन कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। गोष्टी के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्व रामविलास पासवान का जन्म बिहार के खगरिया जिले के साबरमनी गांव में बहुत ही गरीब परिवार में हुआ था। यह अनुसूचित जाति में पैदा हुए थे। भारतीय राजनीतिक के प्रमुख नेताओं में से एक थे। लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार में केंद्र मंत्री रहे।16वीं लोकसभा में बिहार के हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधि कर करते थे। 9 बार लोकसभा सांसद तथा दो बार राज्यसभा सांसद रहे। रामविलास पासवान 32 वर्षों में 11 चुनाव लड़ चुके थे और उनमें से नौ जीत दर्ज की।यह ऐसे राजनेता थे जिन्हें 6 प्रधानमंत्रियों के साथ काम करने का अनूठा रिकॉर्ड प्राप्त है । वै खनिज मंत्री,केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री,भारत के रेल मंत्री,उपभोक्ता मामलात मंत्री,भारत सरकार केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री रहे। ऐसे महान पुरुष का पासवान समाज सत सत नमन करता है। वक्ताओं ने कहा कि इन्होंने दबे कुचले वह दलित समाज के लोगों के आवाज के रूप में उनकी लड़ाई लड़ने का काम किया है।


## डीडीयू स्टेशन पर पकड़ा गया युवक, पटना से पैसा लेकर जा रहा था मैनपुरी

# चेकिंग के दौरान युवक के पास से 15.13 लाख

**केटी न्यूज/ पीडीडीयू नगर**

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने रुटीन चेकिंग अभियान चला रही थी। चेकिंग के दौरान एक युवक को 15.13 लाख रुपये नकद के साथ पकड़ा। युवक रुपयों के बारे में जानकारी नहीं दे सका और न ही कोई कागजात दिखा सका। युवक पटना से रुपयों की खेप लेकर मैनपुरी जा रहा था। जीआरपी ने नकदी और आरोपी को वाराणसी से आए आयकर विभाग के अधिकारियों के हवाले कर दिया। आगे की कार्रवाई आयकर विभाग की टीम करेगी।

जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह और आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत ने बताया कि अपराधियों की धड़ पकड़ के लिए स्टेशन पर लगातार अभियान चलाया



जा रहा है। जीवित्पुत्रिका के मद्देनजर स्टेशन पर विशेष गश्त की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार की सुबह जीआरपी के एसआई संदीप कुमार राय, आरपीएएफ एसआई अमरजीत दास, जीआरपी कांस्टेबल मनोज कुमार राय, विजय कुमार गुप्ता, आरपीएफ कांस्टेबल राकेश कुमार सिंह आदि की टीम स्टेशन पर गश्त कर रही थी।

इसी बीच स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या सात और आठ पर एक युवक संदिग्ध हाल में दिखाई दिया। तभी उसे पकड़ कर उसके पास के पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैंग से 15.13 लाख रुपये नकद बरामद हुआ। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम हिमांशु बैस निवासी नगरा विद्राय थाना बेवर जिला मैनपुरी बताया। रुपये के बारे में युवक ने संतोष जनक उत्तर नहीं दिया और नही कोई कागजात दिखा सका। उसने बताया कि वह मुंगफली का व्यवसायी है और पटना से मुंगफली का पैसा लेकर मैनपुरी जा रहा था। जीआरपी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि रुपये बरामदगी की सूचना वाराणसी आयकर विभाग की टीम को दी गई।

## गाने का स्टेटस लगाने पर गांव के युवकों ने दलित को पीटा

**पीडीडीयू नगर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के डेवढिल गांव में एक दलित युवक द्वारा अपने मोबाइल फोन में पवन सिंह का भोजपुरी गाना हई एहि गांव के बाहुबली बुझलु का बबुआन के गाने का स्टेटस लगाने पर गांव के ही मनबढ़ युवकों को नागवार गुजरा और उन्होंने युवक को बुलाकर मारपीट कर घायल कर दिया। घटना से गुस्साए परिजन तत्काल कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। क्षेत्र के डेवढिल गांव के पूर्व प्रधान राजेन्द्र राम का पुत्र वैभवचंद्र गौतम अपने फेसबुक पर भोजपुरी गायक पवन सिंह के बाहुबली का गाना अपने मोबाइल फोन में स्टेटस लगाया था।यह गांव के ही कुछ मनबढ़ युवकों को नागवार गुजरी बस इतनी सी बात को लेकर मनबढ़ युवकों ने वैभव को बुलाकर बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में पीड़ित युवक का दाँत टूट गया। जिससे वैभव लहूलुहान हो गया। जैसे ही घटना की जानकारी पीड़ित के परिजनों को हुआ। परिजन तत्काल युवक को लेकर सदर कोतवाली पहुंचकर कोतवाल राजीव कुमार सिंह को घटना की पूरी जानकारी दी और लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। इस संबंध में पूछे जाने पर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मामले में तीन लोगों के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल व कार्रवाई की जा रही है।